
श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 275 | उज्जैन, सोमवार 20 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

यदि आपका लक्ष्य सर्वोपरि है, तो फिर आलोचना, विवेचना, प्रशंसा ,दुविधा और संशय कोई मायने नहीं रखती...!

# अमृतपाल सिंह को ढूंढने के लिए जारी है पुलिस की छापेमारी, मिला आईएसआई कनेक्शन

**चंडीगढ/जीएनएस।** कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह फरार घोषित हो चुका है। पंजाब पुलिस लगातार उसकी तलाशी के लिए धरपकड़ कर रही है। इस मामले में पुलिस को अमृतपाल सिंह के घर से कुछ जैकेट मिली है। ये जैकेट आनंदपुर खालसा फोर्स (AKF) से संबंधित है जिसे बनाने के लिए अमृतपाल ने पूरी तैयारी कर ली थी। पुलिस को फरार अमृतपाल के घर से मिले हथियारों में भी,-चस्न लिखा मिला है।

इसी बीच पुलिस ने दावा किया है कि अमृतपाल सिंह का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी संपर्क है। इस मालमे पर अमृतसर के डीआईजी स्वपन शर्मा ने दावा किया कि उनके कुछ पाकिस्तान-आईएसआई लिंक थे। उन्होंने बताया कि अमृतपाल सिंह को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए उसका पीछा किया गया। हालांकि वो भागने में सफल रहा। मगर उसकी दो गाड़ियों को बरामद किया गया है, जिनमें से सात अवैध हथियार भी बरामद किए गए थे। अमृतपाल के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## सोमवार तक नहीं चलेगा इंटरनेट

एहतियात के तौर पर पंजाब सरकार ने राज्य में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं के निलंबन की अवधि सोमवार दोपहर तक बढ़ा दी है। राज्य के प्राधिकारियों ने शनिवार को इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं रविवार दोपहर तक के लिए निलंबित कर दी थीं। अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा रविवार को जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है, ''भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं (2जी/3जी/45/5जी/सीडीएमए/जीपीआरएस, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं को 19 मार्च (दोपहर 12 बजे) से 20 मार्च (दोपहर 12 बजे) तक के लिए निलंबित किया जाएगा, ताकि हिंसा भड़का सकने और शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकने वाली हर प्रकार की घटना को रोका जा सके।'' आदेश में कहा गया है कि ब्रॉडबैंड सेवाओं को निलंबित नहीं किया जा रहा है, ताकि बैंकिंग सुविधाएं, अस्पताल सेवाएं और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध रहें।

## पुलिस ने जब्त किए दो वाहन

कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है। जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने शनिवार रात जालंधर में कहा, ''वह (अमृतपाल) अब भगोड़ा है और हम उसकी तलाश कर रहे हैं तथा उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे।'' उन्होंने कहा कि अमृतपाल से संबंधित दो वाहनों को जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले एक संगठन के 78




सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था।

जालंधर जिले में अमृतपाल के काफिले को रोका गया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारियों ने कई स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अब तक कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अमृतपाल सिंह के धार्मिक जुलूस 'खालसा वाहिर' के मुक्तसर जिले से शुरू होने से एक दिन पहले हुई है।

## नई एफआईआर हुई दर्ज

अमृतपाल सिंह और उसके कुछ साथियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के सिलसिले में रविवार को एक नयी प्राथमिकी दर्ज की गई। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतिंदर सिंह ने कहा कि अमृतपाल के सात साथियों को शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सात आरोपियों की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए एसएसपी ने कहा, ''हमने बीती रात शस्त्र अधिनियम के तहत एक नयी प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें अमृतपाल मुख्य आरोपी है। इस ताजा प्राथमिकी में वह सात भी आरोपी हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## गिरफ्तार लोगों को ले जाया गया असम

कट्टरपंथी उपदेशक एवं खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के नेतृत्व वाले संगठन से जुड़े चार सदस्यों को पंजाब से गिरफ्तार करने के बाद रविवार को असम के डिब्रूगढ़ लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अमृतपाल के संगठन के चारों गिरफ्तार सदस्यों को एक विशेष विमान से डिब्रूगढ़ लाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''चारों को फिलहाल डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में रखा गया है।''

## बरामद हुए कई हथियार

पुलिस ने बताया कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक .315 बोर की एक राइफल, 12 बोर की सात राइफल, एक रिवॉल्वर और 373 कारतूस सहित नौ हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, पंजाब में कई जगहों पर वाहनों की तलाशी लेने के साथ ही सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि डब्ल्यूपीडी से जुड़े लोग विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने, हत्या के प्रयास, पुलिसकर्मियों पर हमले और लोक सेवकों के कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित चार आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को अजनाला थाने पर हमले के लिए डब्ल्यूपीडी तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिछले महीने, अमृतपाल और उसके समर्थकों ने तलवारें और बंदूकें लहराते हुए अवरोधकों को तोड़ दिया था और अमृतसर शहर के बाहरी इलाके में अजनाला थाना में घुस गए थे। वे सभी अमृतपाल के एक सहयोगी की रिहाई की मांग कर रहे थे।

इस घटना में एक पुलिस अधीक्षक सहित छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घटना के बाद राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था ।

## न्यूज ब्रीफ

### बंग्लादेश के मदारीपुर में बड़ा हादसा, खाई में गिरी बस, 17 लोगों की मौत, 25 अन्य घायल

**ढाका/जीएनएस।** बंग्लादेश में मदारीपुर के शिबचार उपजिला के कुतुबपुर इलाके में रविवार सुबह एक बस के खाई में गिर जाने से 17 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे में मारे गए लोगों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि ढाका जा रही एमाद परिभान बस भंगा-ढाका एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़कर नियंत्रण खो बैठी और खाई में गिर गई, जिससे 17 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। घायलों को शिबचर और ढाका के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। शिबचर हाईवे पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी अबू नईम मोफज्जल हक ने कहा कि दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बचाव कार्य जारी है।

### उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी

**टोक्यो/जीएनएस।** उत्तर कोरिया द्वारा रविवार को दागी गई संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर जा गिरी। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने रविवार को दक्षिण कोरियाई सेना का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि उ. कोरिया ने जापान के सागर की ओर एक अनिर्दिष्ट बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। वहीं, जापान कोस्ट गार्ड ने इस परीक्षक की चेतावनी जारी की। इस परीक्षण के मद्देनजर जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय के तहत एक संकट प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किया गया है। एनएचके न्यूज चैनल ने रविवार को सरकारी सूत्रों के हवाले से खबर दी कि उ. कोरिया द्वारा लांच की गई संदिग्ध मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उ. कोरिया ने अमेरिका और द. कोरिया द्वारा किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था।

### इक्वाडोर में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 6.5 रही तीव्रता, 14 लोगों की मौत

**क्विटो/जीएनएस।** पश्चिमी इक्वाडोर में 6.5 तीव्रता के भूकंप के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति की प्रेस सेवा ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, ÷14 मृत, 381 घायल।÷ इससे पहले इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुयलेरमो लासो ने कहा कि भूकंप से मरने वालों की संख्या 12 है, जिसमें एल ओरो प्रांत में 11 और अजुए प्रांत में एक मौत दर्ज की गई है। शनिवार को रिक्टर स्केल पर 6.5 तीव्रता वाले के भूकंप के झटकों ने पश्चिमी इक्वाडोर को हिला कर रखा और उत्तरी पेरू में नुकसान हुआ है। आरपीपी (रेडियो प्रोग्रामस डेल पेरू) ने कहा कि शनिवार को इक्वाडोर की सीमा से लगे टुंबेस विभाग में छत गिरने से चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

### आय से अधिक संपत्ति मामले को लेकर CRPF कमांडेंट के खिलाफ CBI ने दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली/जीएनएस।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के एक कमांडेंट के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस मामले में लखनऊ, नोएडा, मिर्जापुर और दिल्ली सहित चार स्थानों पर तलाशी ली गई।बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान रांची, वाराणसी, नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे में 4.6 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों में निवेश, 1.02 करोड़ रुपए की जमा राशि, आरोपी, परिवार के सदस्यों और उनके द्वारा नियंत्रित कंपनियों के बैंक खाते में 6.18 करोड़ रुपये के पैसे का लेनदेन और गहनों, करोड़ों के शेयरों की खरीद सहित चल/अचल संपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित विभिन्न दस्तावेज मिले हैं।

## भारत-बांग्लादेश में दोस्ती वाली पाइपलाइन, ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली/जीएनएस।** नरेंद्र मोदी ने भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का शनिवार को उद्घाटन किया। ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि दोनों देशों के रिश्ते को लेकर नए अध्याय की शुरुआत हुई है। इसकी नींव हमने सितंबर, 2018 में रखी थी। मुझे खुशी है कि आज पीएम शेख हसीना के साथ इसका उद्घाटन करने का अवसर आ गया। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह पाइपलाइन बांग्लादेश के विकास को और गति देगी और दोनों देशों के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का भी उत्कृष्ट उदाहरण रहेगी। उन्होंने आगे कहा इसी का परिणाम है, कि कोविड महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के



जरिए बांग्लादेश को ऑक्सीजन आदि भेजने में सुविधा रही। उनके इस दूरदृष्टि भरे विजन के लिए मैं प्रधानमंत्री शेख हसीना जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि कितना शुभ संयोग है, कि आज का यह उद्घाटन, बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म जयंती के एक दिन बाद हो रहा है। बंगबंधु के 'शोनार बांग्ला' विजन में पूरे क्षेत्र का मैत्रीपूर्ण विकास और समृद्धि शामिल था। यह संयुक्त प्रोजेक्ट उनके इस विजन का उत्तम उदाहरण है।पीएम मोदी ने बताया कि भारत बांग्लादेश को 1100 मेगावाट से अधिक बिजली की आपूर्ति कर रहा है। मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की पहली इकाई शुरू हो गई है।

## मोटे अनाज पर डाक टिकट-सिक्का जारी, पीएम मोदी ने कहा, मिलेट्स की कामयाबी भारत की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में होने वाली ग्लोबल मिलेट्स (मोटा अनाज) कान्फ्रेंस का उद्घाटन कर दिया है। यह कान्फ्रेंस दिल्ली के इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर कैंपस में आयोजित की गई है। इस मौके पर पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 पर एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बायर सेलर मीट और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। जब विश्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना रहा है तब भारत इस अभियान की अगुआई कर रहा है।

## चेकिंग पाइंट के पास बदमाशों ने गाड़ी फोड़ी, पुलिसवाले बोले तुमने गाड़ी क्यों रोकी

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नशे में धुत चार बदमाशों ने पुलिस चेकिंग पाइंट के समीप खूब उत्पात मचाया। वे ट्रक के सामने आकर खड़े हो गए और चालक से कहा हमारे उपर पहिया चढ़ा दो। ट्रक का शीशा और वाइपर तोड़ डाला। चालक एरोड्रम और बाणगंगा थाने गया, लेकिन पुलिस ने रवाना कर दिया। पहले कहा तुम्हे गाड़ी नहीं रोकना थी। बाद में बोले



बदमाशों पर गाड़ी चढ़ा देना थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार रात इंटरनेट मीडिया पर ट्रक चालक गुरजीतसिंह का एक वीडियो जारी हुआ। खुद को मालिक और चालक बताने वाला गुरजीत राजस्थान से पूणे(महाराष्ट्र) गाड़ी चलाता है। दो दिन पूर्व वह ट्रक(एमएच 18बीजी 1975) लेकर जा रहा था।






## राहुल गांधी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस, महिलाओं के 'यौन उत्पीड़न' वाले बयान पर मांगी जानकारी

**नई दिल्ली/जीएनएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के बारे में दिए बयान को लेकर विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए दिल्ली पुलिस की टीम दलबल के साथ आज सुबह यहां उनके 12 तुगलक लेन स्थित आवास पर पहुंची। दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को कुछ दिन पहले उनके महिलाओं के 'यौन उत्पीड़न' वाले बयान पर उन्हें नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस को लेकर जानकारी जुटाने के लिए दिल्ली पुलिस की कानून व्यवस्था इकाई की टीम विशेष पुलिस आयुक्त प्रीत हुड्डा के नेतृत्व में रविवार सुबह कांग्रेस नेता एवं लोकसभा सांसद के आवास पर धमकी। कांग्रेस पार्टी ने



अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया ÷ भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी ने लाखों महिलाओं को स्वतंत्र रूप से चलने, अपनी चिंताओं को व्यक्त करने और अपना दर्द साझा करने के लिए एक सुरक्षित माहौल दिया था। दिल्ली पुलिस की नौटंकी साबित करती है कि अडानी को लेकर पूछे गए सवालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बौखला गए हैं। यह उत्पीड़न हमारे सवालों के जवाब से पल्ला झाड़ने हमारे संदेह को और गहरा करता है।

## सारणी में खड़े ट्रक में पीछे से टकराई यात्री बस, 10 घायल

**बैतूल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बैतूल - परासिया स्टेट हाइवे 43 पर सारणी के गुणवंत बाबा मंदिर के पास रविवार देर शाम भोपाल से सारणी की ओर जा रही बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे बस चालक, कंडक्टर सहित 10 लोग घायल हो गए। तीन को गंभीर चोट आने पर घोड़ाडोंगरी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया है। अन्य को मामूली चोट आने से पावर जनरेटिंग कंपनी सारणी के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 04पीए 0785 भोपाल से सारणी का रही थी तभी स्टेट हाइवे पर कोयले से भरे ट्रक क्रमांक एमएच 31 एफसी 2505 के पिछ्ले हिस्से से टकरा गई। ट्रक वेकोलि से कोयला लेकर सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के कोल हैंडलिंग प्लांट जा रहा था। ट्रक का पहिया पंचर हो जाने के कारण चालक ने उसे खड़ा कर दिया था। उसी ट्रक से बस की टक्कर हो गई। बस चालक, कंडक्टर और सामने बैठे एक यात्री को गंभीर चोट आने पर घोड़ाडोंगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेजा गया। जिन यात्रियों को मामूली चोट आई थी उनका मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी के चिकित्सालय में उपचार किया गया।

कांग्रेस ब्लॉक शहर अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई

# बैठक पश्चात महू गोलीबारी में मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया





**झाबुआ/माणक लाल/दैनिक मालव हेराल्ड।** स्थानीय विधायक कार्यालय झाबुआ में जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस उप ब्लॉक कांग्रेस व शहर कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई जो आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ कमेटी सेक्टर प्रभारी मंडलम अध्यक्षों बूथ बीएलए व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर विचार विमर्श हुआ

बैठक विशेष रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका मध्यप्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता पूर्व विधायक जेवियर मेडा जिला संगठन मंत्री जसवंत भाबर जिला बूथ कमेटी प्रबंधन अध्यक्ष यशवंत पवार कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल के आतिथ्य मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित हुई

बैठक में सभी अतिथियों ने ब्लाक कार्यकारिणी विस्तार एवं ब्लॉक स्तर के पंचायत के फलियो नगर के वार्ड मोहल्लो की कमेटियां गठित कर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया वही निर्वाचन नामावली प्रकाशन के पूर्व प्रत्येक बूथ स्तर की नामावली का गहन विश्लेषण कर फर्जी मतदाताओं की सूचियां निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत करने वह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामावली प्रभारी नियुक्त करने संबंधी निर्णय लिया गया पार्टी के रिक्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ कांग्रेस विभाग मैं नियुक्तियां कर पार्टी कार्यकर्ताओं को जवाबदारी देने के साथ थांदला पेटलावद नगर अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए भी चर्चा हुई वही नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष शहर अध्यक्षों को अपनी कार्यकारिणी शीघ्र गठित करने के लिए निर्देश दिए गए जो 15 दिवस में कार्यकारिणी प्रस्तुत करेंगे

आगामी माह में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन की रूपरेखा तय की गई

इस अवसर पर समस्त अध्यक्ष गणों ने अपने विचार प्रकट किए तत्पश्चात महू में पुलिस गोलीबारी में मृत आदिवासी भैरू सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया

इस अवसर पर पेटलावद ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश मुथा सारंगी अग्नि नारायण सिंह मेघनगर यामीन शेख थांदला गेंदाल डामोर राणापुर मथी यास भूरिया रामा फतेह सिंह पारा केमता डामोर झकनावदा दीपक चारण झाबुआ कान्हा गुंडिया झाबुआ शहर जितेंद्र सिंह राठौर राणापुर शहर दिनेश गाहरी कल्याणपुरा सुरेंद्र गर वाल खवासा भुर सिंह बोरी गार सिंह अमलियार दिलीप भूरिया नब्बू सिंह नंदलाल मेड मोइनुद्दीन आदि बैठक में उपस्थित थे बैठक का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने किया आभार प्रकट जितेंद्र शाह ने व्यक्त किया

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ



**आगर -मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय बलाई महासंघ जिला इकाई आगर मालवा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर समाजजनों को संबोधित कर समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए संदेश दिया। साथ ही शिक्षा का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हो मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, बाल विवाह, का बहिष्कार कर समाज को उन्नति के शिखर पर ले जा सकते हैं। साथ ही समाज सेवा और शासकीय क्षेत्र में कार्यरत वरिष्ठ गणमान्य नागरिकोऔर प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार ,रामलाल मालवीय (पूर्व विधायक),मधु गेहलोत, बाबूलाल मालवीय, मोहन मालवीय (सरपंच), मांगीलाल कुलश्रेष्ठ,बाबूलाल सोलंकी (आकाश वाणी गायक), गिरधारी लाल मालवीय भाजपा नेता, मुकेश मालवीय, रामचंद्र मालवीय, सत्यनारायण मालवीय, रामबाबू मालवीय, मुकेश कुमार चौहान, भगवान सिंह गेहलोत, कालूराम मेहर, जगदीश मालवीय,गोकुल प्रसाद मालवीय,रघुनाथ मालवीय,सुनीता मालवीय,राधा मालवीय,आशा मालवीय,गणपत सिंह मालवीय और सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

## सार समाचार

### नदी में डूबने से नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की मौत

**सोयत कला/दैनिक माालवा हेराल्ड।** शनिवार शाम 7 बजे नगर से गुजरी कंठाल नदी में नहाने गए नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी रोडू पिता सीताराम मेतर का अचानक स्टॉप डेम से पैर फिसलने से नदी में जा गिरा। जिससे परिजन नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ मुकेश जाट ने 108 पैरामेडिकल स्टाफ अशोक दांगी की सहायता से झालावाड़ रेफर किया। जहां झालावाड़ जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान रात 8:00 बजे मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम आज रविवार को किया जाएगा।

### शिक्षक ने रिटायर्ड होकर कांग्रेस की सदस्यता ली सरकार की रीति नीति से नाराज़ हैं शिक्षक

**37 वर्षों की नोकरी में 22 स्थानांतरण हुए पुरानी पेंशन बहाली के लिए लड़ता रहुगा**



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद ब्लॉक के शिक्षा विभाग में 37 वर्षों से शिक्षक के पद पर पदस्थ मप्र शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक गुर्जर सचिव स्वरुप नारायण चतुर्वेदी शिक्षक सेवा मुक्त होकर विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करी अपने शिक्षक साथीगण और रिस्तेदारो के बीच शिक्षक चतुर्वेदी ने अपनी पिढ़ा बताते हुए कहा की वर्तमान भाजपा सरकार कि रिती निती से आज शिक्षक वर्ग नाराज हैं मुझे स्वयं 37 वर्ष की नोकरी में 22 बार स्थांतरित करके परेशान किया पुरानी पेंशन बहाली के लिए भी सरकार का रवैया ठीक नहीं होने से मप्र का शिक्षक वर्ग नाराज हैं कांग्रेस की सदस्यता लेकर विधायक गुर्जर को जिताकर मप्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही पुरानी पेंशन बहाली करवाएंगे विधायक गुर्जर ने भी शिक्षक चतुर्वेदी का स्वागत कर उनकी मांग को उचित बताया है और सरकार बनते ही पेंशन बहाली का आश्वासन दिया गया।

### युवा सरपंच ठा राहुल सिंह द्वारा सराहनीय प्रयास



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत झिरनिया उन्हेल के युवा सरपंच ठा राहुल सिंह द्वारा सराहनीय प्रयास। खुद लैपटॉप की व्यवस्था कर पिछले 3 दिन से पंचायत की ग्रामीण महिलाओ को निशुल्क ड्ढ4ष् कर रहे है। इनके प्रयास को और जरूरत है ऐसे जन प्रतिनिधि की हर पंचायत को।

### उन्हेल में गुड़ी पड़वा पर धूमधाम से मनाया जाएगा नव वर्ष

**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के वरिष्ठ जन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि पड़वा के पावन पर्व पर सभी अपने अपने घरों पर भगवा ध्वज लहरा कर गुड़ और नीम की पत्ती से नव वर्ष की शुरुआत प्रतिवर्ष अनुसार की जाती है परंतु इस वर्ष बड़े पैमाने पर नव वर्ष नगरवासी मना ने की अपील नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा की गई जिसमें सभी संस्थान द्वारा इस पर्व को मनाया जाएगा जिसको लेकर अभी से तैयारियां जोरों पर की जा रही है व्हाट्सएप फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से घर-घर तक यह संदेश भेजने का प्रयास किया जा रहा है जो कि सफल होता नजर आ रहा है जहां गांव है वहां राम बसते हैं उसी को लेकर नगर के ना गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### परिवहन विभाग द्वारा विशेष चैकिंग अभियान के दौरान की गयी जुर्माने की कार्रवाई

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं सम्भागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों सहित अन्य वाहनों हेतु गत दिवस विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस विशेष चेकिंग अभियान दौरान 60 से अधिक वाहनों को चेक किया गया। वाहनों के परमिट, फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, क्क्ष्ट आदि दस्तावेज चेक किये गए।

# भारतीय ऑटो रिक्शा यूनियन का होली मिलन समारोह संपन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय ऑटो रिक्शा यूनियन के द्वारा 19 मार्च रविवार को भैरवगढ़ रोड़ उज्जैन परशुराम आश्रम में होली मिलन एवं फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महेश परमार ने भारतीय ऑटो रिक्शा यूनियन की प्रशंसा की और उन्हें गोद लेने की बात कही। विशेष अतिथि शहर कांग्रेस कार्यवाह अध्यक्ष अशोक भाटी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने भी मध्यप्रदेश मोटर व्हीकल एक्ट के संदर्भ में व्याप्त अनियमितताओं के लिए एलआईसी में चल रही बड़ी गड़बड़ी के चलते विधानसभा में ध्यानाकर्षण की बात कही। जिसमें वर्तमान में ऑटो वालों के आवेदन फिटनेस के आवेदन नहीं निकल रहे है। इसके अलावा मुकेश भाटी जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने भी आटो यूनियन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रफीक भाई कुरैशी टैम्पो यूनियन अध्यक्ष, फिरोज पठान पार्षद, परमानंद मालवीय पार्षद, पूर्व पार्षद सुंदर मालवीय, माली समाज के अध्यक्ष शिवनारायण जागीरदार, ओम रामी पार्षद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजक अध्यक्ष मेहमूद भाई, उपाध्यक्ष कैलाश पंवार, सचिव सलीम खान, कोषाध्यक्ष कन्हैया राठौर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी मेहमूद खान ने दी।

# विद्युतकर्मियों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**आगर -मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अधीक्षण यंत्री (सं/सं) आगर वृत के अधिनस्थ संचा/संधा संभाग आगर एवं सुसनेर एवं एस.टी.एम आगर संभाग के द्वितीय सत्र, तृतीय सत्र एवं चतुर्थ सत्र में संभाग के अधिनस्थ वितरण केन्द्रों पर पदस्थ लाइन कर्मचारियों एवं 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों पर पदस्थ परीक्षण सहायक तथा आउटसोर्स कर्मियों को कार्य के दौरान सुरक्षा साधनों का उपयोग एवं दुर्घटना से बचाव किये जाने हेतु वृत कार्यालय आगर में दो दिवसीय प्रशिक्षण 18 एवं 19 मार्च को दिया गया। प्रशिक्षण अधीक्षण यंत्री संचा/संधा आगर, कार्यपालन यंत्री संचा/संधा आगर ,कार्यपालन यंत्री (एसटीएम), कार्यपालन यंत्री सं/सं सुसनेर संभाग, मंजेष कुमार मिश्रा, सहायक यंत्री आगर (षहर) वितरण केन्द्र एवं मो. अनिस अंसारी के मार्गदर्षन एवं सहायक प्रबंधक (एचआर) आगर वृत के प्रबंधन में दिया गया। प्रषिक्षण कार्यक्रम में आगर संभाग, सुसनेर संभाग एवं एस.टी.एम संभाग के 135 लाइन कर्मचारियों, ग्रिड आपरेटरों, आउटसोर्स कर्मियों को प्रषिक्षक अविनाष विष्वकर्मा एवं परीक्षण सहायक श्री रितेष जाधव द्वारा प्रषिक्षित किया गया। प्रषिक्षण के दौरान लाइन कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किस प्रकार किया जाना है इस हेतु प्रषिक्षण दिया गया एंव सुरक्षा उपकरणों का भौतिक रूप से उपयोग किस प्रकार किया जाना है इस हेतु डेमो भी दिया गया। अधीक्षण यंत्री वृत आगर द्वारा अपने उद्बोधन में विषेष रूप से विद्युत कार्य में बरती जाने वाली विभिन्न बारिकियों के साथ ही सावधानियों को बरतने,अपने एंव अपने साथी कर्मचारियों को इनके पालन के लिये प्रेरित करने एंव स्वयं विद्युत उपकरणों में डिस्चार्ज राड़ को हर समय ओर सजगता पूर्वक उपयोग करने तथा विद्युत कार्य में पोल पर कार्य करते समय मोबाईल का उपयोग नही करने जैसी विभिन्न समझाईष दी गई। साथ ही जिला चिकित्सालय के चिकित्सक पंकज बघेल एवं जितेन्द्र केथवाल द्वारा भी विद्युत दुर्घटना के पूर्व स्वास्थ्य से संबंधित बरती जाने वाली सावधानियां,विद्युत दुर्घटना के बाद की जाने वाली स्थल चिकित्सा प्रक्रिया ओर अस्पताल पहुंचने तक की सभी गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्युत दुर्घटना से बचाव होकर लाइन कर्मचारी सुरक्षित तरीकें से लाइनों पर कार्य कर सके एवं कार्य के दौरान घातक एवं अघातक विद्युत दुर्घटना का षिकार न हो सके को दृष्टिगत रखते हुए किया गया ताकि विद्युत दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# बूथ विस्तारक अभियान 2 के तहत बूथ पर पहुँचे शिक्षा मंत्री परमार

**बूथ कार्यकर्ता भाजपा संगठन का मूल आधार -श्री परमार**



**अकोदिया /किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंडीबूथ विस्तारक अभियान 2 के अंतर्गत रविवार को स्कूल राज्यमंत्री इंदरसिंह परमार ने अकोदिया बूथ क्रमांक 137 पर पहुंच कर पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम मे भाग लिया। कार्यक्रम मे उपस्थित कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित करते हुए श्री परमार ने कहा की मैं सौभाग्यशाली हूँ जो आज अपने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ काम करने का मौका मुझे मिला है। बूथ कार्यकर्ता भाजपा संगठन का मूल आधार हैं। हर बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़े, हर मतदाता मतदान करने मतदान केंद्र पहुँचे यह जिम्मेदारी आप सभी को निभानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व सीएम शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों का जीवन बदलने के अभियान में जुटी है। हमारे बूथ कार्यकर्ता सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जमीन तक ले जा रहे हैं। श्री परमार ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि %हम केंद्र से 1 रु. भेजते हैं, तो 85 पैसे भ्रष्टाचार में चले जाते हैं। लेकिन जब श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होनें जन-धन खातों से व्यवस्था को पारदर्शी बनाया। श्री परमार ने कहा की भाजपा कांग्रेस की भांति एक परिवार के ईशारों पर चलने वाला दल नहीं है। भाजपा संगठन आधारित राजनीतिक दल है, यहां कार्यकर्ता ही सर्वोपरी है। आप जैसे कार्यकर्ताओं की ही मेहनत का परिणाम है कि नागालैंड व त्रिपुरा में भी भाजपा का परमच लहरा रहा है। कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता नरेंद्र मेहता,भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव,अजय राठी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचंदर पटोदिया, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन शर्मा,नप उपाध्याय प्रतिनिधि संतोष मेवाड़ा,पार्षद राजकुमार परमार,संदीप खत्री,पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या मे बूथ कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# नियमित व्यायाम करने से व्यक्ति हमेशा रहता है स्वस्थ -राज्यपाल डॉ. गेहलोत ने कहा



**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कर्नाटक राज्य के महामहिम राज्यपाल डॉ थावरचंद गेहलोत जी ने शनिवार शाम को शितलानंद व्यायामशाला का लोकार्पण किया समारोह शाम 6 बजे से 8 बजे तक चलता रहा इस व्यायामशाला में डॉ गेहलोत ने उनके राज्यसभा कार्यकाल के दौरान 20 लाख रुपये दो अलग अलग भवन के लिए दिए थे जिसमें से एक भवन का लोकार्पण किया।

समारोह की अद्यक्षता नपा अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत ने की व्यायामशाला के अध्यक्ष मैनेजिंग ट्रस्टी बालेश्वर दयाल जायसवाल,पूर्व विधायक लालसिंह रणावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान, व्यायामशाला के संचालक रविन्द्र रघुवंशी ने संबोधित किया।

जिला महामंत्री धर्मेश जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष सी एम अतुल, अतिथि के रुप में शामिल हुए समारोह का संचालन सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने की।

इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष गोपाल यादव, राजेंद्र अवाना ,गोवर्धन यादव, पूनमचंद गेहलोत, अशोक मावर, नरेन्द्र राठी, भवानी सिंह देवड़ा, विजय पोरवाल, उषा रामचंद्र सिसोदिया , गौरव यादव , विजयसिंह सिसोदिया, मंजू राजेश गगरानी, महेंद्र धोनी, भावना सुभाष रावल , संतीश कैथवास , उषा नरेश यादव , नरेंद्र सेंगर , महेंद्र राठौर, रूपम ठाकुर, जाहिद अली , कय्यूम खान , राजेश धाकड़ , रामसिंह सिसोदिया, विजय पोरवाल , यशपाल जी ,गोवेर्धन यादव , मांगू दादा , रविन्द्र रघुवंशी, प्रशांत मेहता, आशीष वोरा, नीलेश रघुवंशी, आदि उपस्थित थे।

# बदनावर मेले का हुआ शुभारंभ, सात दिन तक चलेगा मेला हमारी वर्षो पुरानी परंपरा है- राज्यमंत्री अग्रवाल





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विख्यात बैजनाथ महादेव मेले का शनिवार देर शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय मेले का समापन 24 मार्च को होगा।

मेला शुभारंभ के मौके पर राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सराफ, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सुर्या, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जाट, सांसद प्रतिनिधि महेंद्रसिंह सक्तावत, नगर भाजपा अध्यक्ष अक्षय शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री शिवरामसिंह रघुवंशी, भाजपा नेता दिनेश गिरवाल, जिला पं सदस्य कुलदीपसिंह पिपलीपाड़ा, वरिष्ठ नेता सुभाषचंद्र धोका, पूर्व नपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, शंकरलाल राव, आशा सराफ व मोतीलाल देवदा, भाजपा के वरिष्ठ नेता शेखर यादव, भाजपा नेता प्रजेंद्र भट्ट, ईश्वर सिंह डोडिया, मिनेश पाटीदार, राजू मकवाना, माध्वीकुंवर शर्मा, सुनीता परमार, निशांतसिंह भाटी आदि अतिथि रूप मे मंचासीन थे।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, मेला समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, मेला समिति उपाध्यक्ष बबिता चेतन नागल व महिपाल सिंह पंवार, सीएमओ मनोज कुमार मौर्य, पार्षद भारती राठौड़, अनिता सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, झन्नूबाई सिर्वी, भगवंताबाई राव, सुखराम देवदा, जगदीश पाटीदार, हरीश मांगलिया, भेरूलाल डावर समेत सहायक मेला अधिकारी मुकेश पाठक, सारंग पुराणिक, प्रशांत माथुर, कांतिलाल शर्मा, मनमोहन राठौड़, नितिन शर्मा, कमलेश पाटीदार, भरत ऊंटवाल, विश्वंभर माथुर, गजेन्द्र शर्मा आदि ने स्वागत किया।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के पहले अतिथियों ने भगवान बैजनाथ महादेव की पूजा अर्चना की।

अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेला हमारी वर्षो पुरानी परंपरा है। 127 साल पुरानी यह परंपरा नगर परिषद जीवित रख रही है। मेले को लेकर खासकर बच्चों में ज्यादा उत्साह रहता है। उन्होंने बताया कि पुराने जमाने मे जब मेला लगता था तो दूर दूर से रिश्तेदार घर आते थे और सब मिलकर मेला देखते थे। बदनावर का मेला काफी प्रसिद्ध माना जाता है। दूर दूर से दुकानदारों यहां आकर मेले में दुकान लगाते है। हमारा कर्तव्य है कि हम दुकानदारों को पर्याप्त सुविधाएं व सुरक्षा उन्हें प्रदान करे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष मेडा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सूर्या, नगर भाजपा अध्यक्ष शर्मा आदि अतिथियो ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने मेलास्थल पर पहुंचकर फीता काटकर मेले की शुरुआत की। बाद में अतिथियों ने मेले का भम्रण किया। संचालन मनोज सोलंकी ने किया। आभार मेला समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्यजन व निकायकर्मी उपस्थित थे।

# ब्लड ग्रुप टीम उन्हेल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया




**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ब्लड ग्रुप टीम उन्हेल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मंगल श्याम गार्डन में सुबह 11:00 बजे से ही रक्तदान करने वाले रक्त दाताओं का जमावड़ा लगा रहा, लोगो में रक्तदान के प्रति उत्सुकता एवं हर्ष देखने योग्य था।

ब्लड ग्रुप टीम उन्हेल द्वारा आयोजित किए गए इस शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों के लिए शिल्पआहार एवं एनर्जी दूध कोर्ड्रिंक और कॉफी की भी व्यवस्था की गई।

शिविर में सभी सामाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान करते रहने का संदेश दिया जहां सिविल हॉस्पिटल उज्जैन चिकित्सा टीम पूरी तरह से सेवा में लगी रही साथ ही महिद्पुर से शाहिद मंसूरी लारा भी उक्त शिविर की व्यवस्था में पूरी तरह से तैनात रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।क्तदान शिविर में लगभग 58 लोगों ने रक्तदान किया।

नागदा उज्जैन इंदौर जैसी जगह जहां कहीं भी रक्तदान करने की आवश्यकता होती है वहां ब्लड ग्रुप टीम उन्हेल के कार्यकर्ता तत्काल प्रभाव से अपने निजी खर्च पर पहुंचकर रक्तदान कर मानव धर्म निभाते हैं। शिविर में रक्तदान करने व कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगो को ब्लड ग्रुप टीम उन्हेल द्वारा प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया एवं टीम के सद्दाम खान ने सभी का आभार माना।

# कर्ण की ओजस्वी , उदार और दिव्य छबि को प्रदर्शित करता नाटक ' कर्णभार'

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2023 के अंतर्गत शानदार नाटकों की श्रंखला के अंतर्गत 18 मार्च की शाम कालिदास अकादमी में नाटक ' कर्णभार ' के नाम रही। मध्यप्रदेश नाटक लोक कला अकादमी ,उज्जैन द्वारा निर्मित नाटक कर्णभार , महाकवि श्री भास द्वारा रचित सुप्रसिद्ध संस्कृत नाटक कर्णभारम का हिन्दी रूपांतरण है । नाटक का निर्देशन और हिन्दी रूपांतरण प्रो. प्रभातकुमार जी भट्टाचार्य ने किया है । संकल्प के धनी डा प्रभातकुमार भट्टाचार्य इस समय नब्बे वर्ष की आयु पार गए हैं मगर इस नाटक को पूरे मनोयोग से निर्देशित कर प्रशंसा पाई । उल्लेखनीय है वर्ष 1980 में भट्टाचार्य जी प्रथम भास नाट्य समारोह में भास के सात संस्कृत नाटकों का रूपांतरण और मंचन कर चुके हैं । भट्टाचार्य जी के नाटक दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य समारोह सहित देश भर में मंचित होते रहे हैं । आपको नाट्य लेखन ,मंचन और निर्देशन का गहन अनुभव है और इसलिए सबकी निगाहें ' कर्णभार ' नाटक पर भी लगीं थीं ।

नाटक की कथावस्तु महारथी कर्ण के विराट व्यक्तित्व , दानशीलता , माता कुंती के द्वारा रहस्योद्घाटन कि कुंती , ही कर्ण की माता है और कर्ण की मनोदशा का सजीव चित्रण नाटक कर्णभार में हुआ है । ब्राह्मण बन कर ॠषि परशुराम से शस्त्र विद्या सीखना और बदले में श्राप मिलने के दृश्य रोचक रहे । राजा इंद्र द्वारा , भिक्षुक बन कर दान में कर्ण के कवच और कुंडल मांग कर ले जाना कर्ण की दानवीरता के अनुपम उदाहरण हैं । सुर्यपुत्र कर्ण किसी भी तरह , इंद्रपुत्र अर्जुन से महाभारत के युद्ध में भारी न पड़ जाए उसके लिए कर्ण के दानी होने को ही ,उनकी कमजोरी मानकर , महाभारत काल से ही ये घटनाक्रम षड्यंत्र से ही प्रतीत होते रहे हैं ।

प्रमुख पात्रों में कर्ण का अभिनय कर रहे श्री अधिराज ललित ने अपनी अदाकारी और



संवाद प्रस्तुति से खूब तालियाँ पाई । माता कुंती के रूप में डा जया कात्यायन मिश्र ने , अपने सजीव अभिनय से बहुत प्रभावित किया । अभिनेता कुलदीप दुबे रंगमच से पहले से जुड़े हैं और देश ,विदेश में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं ने भट्ट और देवराज इंद्र का जोरदार किरदार प्रस्तुत किया । परिपार्श्वक और सारथी शल्य के रूप में श्री कोमल खत्री ने अपनी भूमिका का पूर्ण निर्वाह किया । सूत्रधार और ॠषि परशुराम जी के रूप में श्री रवि शर्मा प्रभावी रहे । कोरस कलाकार के रूप में भारतीय महाविद्यालय की छात्राएं थीं जिन्होंने नाटक की प्रस्तुति को चार चाँद लगा दिए ।

नाटक के संवाद , कर्णप्रिय हैं । नाटक को आगे बढाने और प्रभाव उत्त्पन्न करने में संगीत संयोजन [ जयेंद्र रावल ] लाजवाब था । वेशभूषा , रूप सज्जा [ गयूर कुरेशी ] नाटक के अनुकूल थी । प्रकाश संयोजन [ पंकज आचार्य ] नाटक को उभारने में सफल रहा । नाटक की निर्माता श्रीमती कृष्णा बनर्जी , सह निर्देशक शुभ आशीष बनर्जी और मंच व्यवस्थापक हरदीप दायले हैं । लगभग एक घंटे की अवधि का यह नाटक कर्ण की मनोदशा , ओजस्वी , दिव्य और उदार छबि प्रस्तुत कर , दर्शकों की तालियाँ पाने में सफल रहा । नाटक के बारे में आरंभिक उद्घोषणा मुम्बई के अभिनेता राजेन्द्र गुप्त ने रिकॉर्ड कर भेजी थी । सञ्चालन श्री दिनेश दिग्गज ने और नाटक की कथावस्तु और पात्र परिचय मध्यप्रदेश नाटक लोककला अकादमी उज्जैन , की अध्यक्ष डा निवेदिता वर्मा ने दी। नाटक के अंत में महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्री श्रीराम तिवारी ने आभार प्रकट किया ।

# यूथ विथ सनातन का पहला कवि सम्मेलन संपन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन में यूथ विथ सनातन के तत्वावधान में विगत दिनों आयोजित अपने पहले कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उज्जैन के जाने माने युवा कवियों ने अपनी एक से बढ़कर कविताओं को मंच पर प्रस्तुत किया।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री श्री 1008 स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि जी व विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश झांझरी सामाजिक कार्यकर्ता रीना दुबे, मुख्य अतिथि भगवान शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोदन में डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज द्वारा यूथ विथ सनातन के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

इसके बाद कवि रवि नागाईच जी ने माँ सरस्वती जी की वंदना प्रस्तुत कर कवि सम्मेलन की विधिवत शुरुआत की गई। मंच




पर संचालन युवा कवि शुभम शर्मा ने किया, जो काफी सराहनीय रहा। पहले कवि के रूप में कवि हरदीप दायले द्वारा काव्य पाठ किया गया। अपनी अध्यात्म दर्शन पर आधारित कविताओं में कृष्ण जन्म पर आधारित कविता को दर्शकों द्वारा काफी सराहना मिली। इसके बाद ओज कवि नंदकिशोर पांचाल ने अपनी एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाकर वहाँ उपस्थित जनंसमुदाय को वीर रस से ओतप्रोत कर दिया तो इसके बाद आये हास्य कवि गोपी जी और नरेन्द्र शर्मा (चमन) ने दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया।

फिर वीर रस के ओजस्वी कवि अनुज पांचाल ने मंच पर अपनी कविताओं का भोकाल मचा दिया और भगवान रामचंद्र पर अधारित कविता ने तो वहाँ उपस्थित जनसमुदाय को तालियों से ताल मिलाने पर विवश ही कर दिया। इसके बाद मंच संचालन का दायित्व सभाल रहे युवा कवि शुभम शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध कविता रंगभस्म से दर्शकों के दिलों को जीतकर एक अमिट छाप छोड़ते हुए। अपना स्थान ग्रहण किया तो अंत में कवि डॉ. मोहन बैरागी ने गीतों के माध्यम से कवि सम्मेलन को यादगार बना दिया। इस पूरे कार्यक्रम में यूथ विथ सनातन के विवेक दुबे व कोषाध्यक्ष मुकेश, प्रदेश अध्यक्ष भूषण राष्ट्रीय महासचिव आलोक और यूथ विथ सनातन के रोहित उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हरदीप दायले ने दी।

## महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारी मंडल में उज्जैन के अशोक भण्डारी व राजेन्द्र हिंगड़ मनोनीत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय पदाधिकारी मंडल में उज्जैन के अशोक भण्डारी व राजेन्द्र हिंगड़ मनोनीत हुए। सेवा के क्षेत्र में अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्था जो जाति वर्ग संप्रदाय से परे देश भर में 10 रीजन, 30 जोन, 340 केन्द्र के माध्यम से 10000 से अधिक सदस्यों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, स्किल डेवलपमेंट, नारी सशक्तिकरण, बालविकास व जरूरतमंदो को भोजन आदि के कार्यों को संचालित करके प्रणीमात्र के लिए निस्वार्थ सेवा का पर्याय बन गई है। वर्ष 2023-25 के निर्वाचन में वीर अनील जैन सीए दिल्ली अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

# आज विपिन जैन संभालेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कुर्सी

### पदभार ग्रहण एवं लोकतंत्र सम्मान दिवस समारोह में पूर्व मंत्री वर्मा सहित अनेक नेताा होंगे शामिल

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नव नियुक्त जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन जैन सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण एवं लोकतंत्र सम्मान दिवस समारोह में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे। कॉग्रेस प्रवक्ता सुरेश भाटी ने बताया कि कल 20 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन पदभार ग्रहण करेगे। गांधी चौराहा जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुबह 11 बजे आयोजित भव्य समारोह में पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके साथ ही मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कमलनाथ सरकार के सीएम पद से इस्तीफे की तारिख 20 मार्च को लोकतंत्र सम्मान दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। पूर्व मंत्री एवं इंदौर, उज्जैन संभाग प्रभारी सज्जन सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी कुलदीप इंदौरा एवं जिला कांग्रेस प्रभारी मुजीब कुरैशी सहित अनेक वरिष्ठ नेतागण आयोजन में भागीदारी करेंगे।

## नव वर्ष (गुड़ी पड़वा) की पूर्व संध्या पर निकलेगी वाहन रैली

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिन्दू नव वर्ष (गुड़ी पड़वा) की पूर्व संध्या पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में एक वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली 21 मार्च को सायं 4 बजे गाँधी चौराहा विश्वपति शिवालय से प्रारंभ होगी। रैली को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों द्वारा विगत 15 दिनों से इस आयोजन को लेकर प्रत्येक वार्ड में बैठकें कर लोगो को इस रैली में आने हेतू प्रेरित किया जा रहा है। सभी से आग्रह किया जा रहा है कि वे नव वर्ष (गुड़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर अपने अपने घर पर केसरिया पताका लगाए और रंगोली बनाये व सायंकाल दीपक जलाकर रोशनी करे। वाहन रैली में महिलाओं की भागीदारी हो इस हेतु समिति की महिला पदाधिकारियों द्वारा भी महिलाओं से घर घर संपर्क किया जा रहा है।

## मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अजय सोनी पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल पचोर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी एवम जिले के वरिष्ठ समाजजनों की सहमति से अजय सोनी कॉलोनाइजर को पुन तीन साल के लिए मंदसौर मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अजय सोनी कॉलोनाइजर की जिला अध्यक्ष पद पर पुन नियुक्ति होने पर समाज में हर्ष की लहर है।

## नरेन्द्र ब्रिजवानी जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक 19 मार्च को खिडकी माताजी मंदिर पर रखीं गई। जिसमे फोटोग्राफर के हित में कई विषय पर चर्चा की गई। तथा निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह व दिपावली मिलन का कार्यक्रम रखा जाये। बैठक में एसोसिऐशन के अध्यक्ष पद के लिए सर्वानुमति से नरेन्द्र ब्रिजवानी को चुना गया। साथ ही सचिव गजेंद्र जायसवाल कोषाध्यक्ष लखन बाडोलिया, उपाध्यक्ष अनिल सुराह, सह सचिव सिद्धार्थ सैनी एवं महामंत्री अमित परमार को बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचन पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी।

# देश भक्ति के गीत गाकर मनाया आप पार्टी का होली मिलन समारोह

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली पर्व के उपलक्ष्य में आम आदमी पार्टी का होली मिलन समारोह संत शिरोमणि आश्रम खाकचौक पर रविवार को मनाया गया। जिसमे बढ़ी संख्या में उज्जैन जिले के साथ- साथ देवास जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

आप आदमी पार्टी के होली मिलन समारोह में देश भक्ति के गीतो का आयोजन रखा गया था। जिसमे पार्टी के पदाधिकारियें ने देश भक्ति के गीत गा कर ओर ऊर्जावान भाषणों से मिलन समारोह को सफल बनाया। वही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मिठाई खिलाकर सम्मान किया। उक्त जानकारी दीपक बिजोरे ने दी है।

होली मिलन समारोह में संतोष वर्मा, अक्षय पाटीदार , महेश मनचंदिया , अभिषेक शर्मा ,महायोगी भारत सिंह अटल ,निवेदिता गंभीर,भारती माधव, रेखा सोनी, बरखा बेस, राजेन्द्र शर्मा, अमित माथुर, ईश्वर वरसी , डॉ सुरेश बंजारा, दिलीप परिहार, भगवान खांडेगर,अंकित मालवीय , नरेंद्र सोलंकी, अशोक टिपणियां, हाजी मुस्ताक, जसवंत कुण्डलवाल,पंकज धाकड़, देवास से सुनील ठाकुर , पंवार मेडम, नागदा से भवर सिंह पंवार ओर कुलदीप चौधरी ,अनिल ठाकुर सहित जिले के पदाधिकारी मौजूद थे।

# संजीत में पत्रकारों का जिलास्तरीय होली मिलन समारोह हुआ आयोजित






**मंदसौर/संजीत/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को जिले के संजीत प्रेस क्लब परिवार द्वारा जिलास्तरीय पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन क्षेत्र के प्रसिद्ध फोसरी माता मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। पत्रकार होली मिलन समारोह के इस आयोजन में जिलेभर से पत्रकारगण संजीत पहुंचे। आयोजन में जिला पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत माता फोसरी की पूजन अर्चन के साथ हुई। मंचासीन अतिथि व वरिष्ठ पत्रकारों का स्वागत प्रेस क्लब संजीत के सईद मेंव, सईम पठान, देवेंद्र मौर्य, मंगलेश सूर्यवंशी और राकेश चौहान ने किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज जैन ने किया। आभार सईद मेव ने माना।

# शिप्रा के पावन जल से हुआ ठाकुर जी के मंदिर का भूमि पूजन

### पूर्ण ब्रह्म श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी का 212 तम महा वारुणी जन्मदिवस कार्यक्रम हुआ संपन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बंगाली समाज के आराध्य देव पूर्ण ब्रह्म श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी के मंदिर का भूमि पूजन का कार्यक्रम रविवार को सदवाल रोड पर हुआ। वही ठाकुर जी का 212 वा जन्मदिवस भी बड़े धूमधाम से मनाया गया।

समिति के अध्यक्ष विश्वजीत मॉडल ने बताया कि श्री हरि गुरुचांद मतुआ जन कल्याण समिति के बैनर तले बंगाली समाज के आराध्य देव श्री हरिचांद ठाकुर जी के 212 वा तम महा वारुणी जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उज्जैन नगरी में ठाकुर जी के मंदिर का भूमि पूजन हुआ है। जिसमे मंदिर के साथ धर्मशाला का भी निर्माण किया जाएगा। यह मंदिर मध्यप्रदेश में पहला बंगाली समाज का मंदिर होगा । वही पूरे देश से समाज के सेकड़ो लोग यह आये हैं।

भूमि पूजन से पहले महिलाओं के सिर और कलश रखकर यात्रा शिप्रा नदी तक यात्रा निकाली गई वही माँ शिप्रा के जल से मंदिर का भूमि पूजन हुआ।

अध्यक्ष ने बताया कि ठाकुर देव जी का मूल जन्म 1938 में बांग्लादेश में हुआ था और वर्तमान में उनका मंदिर ठाकुर नगर पश्चिम बंगाल में है। उन्होंने समाज के पिछड़े लोगो का जीवन स्तर सुधारने के लिये काम किया था। वही उनके पुत्र हरि गुरुचांद मतुआ द्वारा समाज के लोगो को शिक्षित किया ।

भूमि पूजन में उपाध्यक्ष भावेंद्र अधिकारी,सचिव मिंटू कुमार विश्वास,सिधेश्वर विश्वास, कोषाध्यक्ष संजय सरकार, आयोजनकर्ता प्रकाशचन्द विश्वास, शिधेश्वर विश्वास, विजय राय, किशोर राय,शबोज विश्वास और विकास विश्वास ओर सेकड़ो समाज जन मौजूद थे।

# सभी अधिकारी व कर्मचारी 24 मार्च तक जिले में ई केवाईसी कार्य पूर्ण करें- कलेक्टर यादव

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत ईकेवाईसी कार्य को पूर्ण करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागृह में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मंदसौर शहर में ईकेवाईसी कार्य पूर्ण करने के लिए 40 नोडल अधिकारी नियुक्त किए। यह सभी अधिकारी अपने अपने वार्ड में प्रभारी के रूप में रहेंगे तथा ई केवाईसी कार्य पूर्ण करवाएंगे। बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारी, कर्मचारी, वार्ड प्रभारी मौजूद थे।



कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि, सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आगामी 24 मार्च तक संपूर्ण जिले में ईकेवाईसी कार्य पूर्ण करेंगे। 25 मार्च से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत फार्म भरने का काम शुरू होगा। इसके लिए सभी पात्र हितग्राहियों का समग्र आईडी आधार कार्ड से लिंक होना बहुत जरूरी है। ईकेवाईसी कार्य के लिए सभी ग्रामों तथा सभी वार्डों में सतत कैंप चल रहे हैं। कैंप के पश्चात घर-घर जाकर ईकेवाईसी कार्य भी कर रहे हैं।

## सीतामऊ पुलिस ने पकड़ा डोडा चूरा में फ रार ईनामी बदमाश



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीतामऊ थाना पुलिस ने पांच हजार के ईनमी फरार बदमाश को दबोचने में सफलता अर्जित की है। आरोपी 18 क्विंटल डोडा चूरा बरामदगी में फरारी काट रहा था। थाना प्रभारी सीतामऊ निरीक्षक दिनेश प्रजापति ने बताया कि सूचना पर हनुमान मंदिर के पास सालरिया फंटा बोलिया सुवासरा रोड़ से आरोपीगण गणपत उर्फ गणेश पिता हकमाराम जाट निवासी सिदरी दरकुड़ी जिला बाड़मेर राजस्थान, श्रवण सिंह पिता राघुसिंह गुर्जर निवासी डाबला महेश शंकरसिंह उर्फ बबलु पिता मांगुसिंह गुर्जर निवासी ढाबला महेश, हनुमान माली निवासी बीरई जिला खेड़ापा जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे वाले डीजल टैंकर वाहन से कुल 18 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया गया था। आरोपी राघुसिंह उर्फरामसिंह को थाना प्रभारी शामगढ़ निरीक्षक कमलेश प्रजापति की सहायता से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है जिससे डोडाचूरा के अन्य स्रोतों के संबंध में पूछताछ जारी है।

## कांग्रेस नेता अशोक भाटी को विधायक का टिकिट देने की उठी मांग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेता अशोक भाटी को उज्जैन उत्तर से विधायक का टिकिट दिये जाने की मांग उठी। अध्यक्ष मेहमूद खान ने बताया कि 19 मार्च रविवार को श्रीकृष्ण मित्र विंदा धाम में आयोजित समारोह में विधायक महेश परमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल राठौर, उपाध्यक्ष कैलाशसिंह पंवार, सचिव सलीम खान आदि मौजूद रहे।

## शीतला माता मंदिर पर वाटर कूलर भेंट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्व जगदीश यादव सेवा संस्थान के सेवादार कांग्रेस नेता विवेक यादव द्वारा शीतल जल हेतु अंकपात मार्ग पर शीतला माता मंदिर पर वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर यादव ने कहा कि गर्मी प्रारम्भ हो गई है ऐसे में आम जन को पीने का ठंडा पानी मिल सके। इस हेतु ठंडे पानी का वाटर कूलर माता जी मंदिर पर लगाया गया। इस अवसर पर कमल कौशल, शैलेंद्र यादव, त्रिलोक लश्करी, सूरज अमूल्य, राजेंद्र चौहान, मुकेश सूर्यवंशी, लीला लश्करी, रावल भाभी, लोकेंद्र खांडेकर, कैलाश मांडीवाल, अभिषेक लाला आदि उपस्थित थे।

जानकारी कमल कौशल ने दी।

# विश्वकर्मा महामृत्युंजय मां त्रिपुरा सुंदरी 108 कुंडीय महायज्ञ राष्ट्रीय सनातन संत सम्मेलन के विवरण पत्रक का विमोचन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत समाज एवं देश भर से आए समाज बंधुओं व न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय संत आचार्य श्री जगदीशगुरू महाराज व कथा मर्मज्ञ संत श्री भगवान शरण बापू, सन्त अभय दास जयपुर, साध्वी सुरेन्द्रा दीदी चंडीगढ़, कथा वाचिक मनीषा दीदी, लछ्मण मन शास्त्री गुजरात, सन्त प्रताप भाई सूरत, छोटे दास महाराज व अन्य सन्तो के साथ ही मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक पारस जैन, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गहलोत, मूर्तिकार अनिल सुतार, हेमराज ठेकेदार, किशोरी लाल मेवाड़ा एवं अन्य समाजजनो के हाथों विमोचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पांचाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद मेवाड़ा, राष्ट्रीय सचिव उमेश पांचाल, इंदौर संभाग अध्यक्ष रमेश सोलंकी, उज्जैन संभाग अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांचाल, इंदौर जिला अध्यक्ष जगदीश पांचाल, ग्रामीण अध्यक्ष वासुदेव, उज्जैन पांचाल समाज अध्यक्ष रमेश पांचाल, युवा मंच अध्यक्ष विशाल पांचाल, कार्यक्रम समिति



अध्यक्ष जगदीश पांचाल उज्जैन जिला युवा अध्यक्ष हेमंत पांचाल, उज्जैन जिला अध्यक्ष अनिल पांचाल, महिला मंडल अध्यक्ष विद्या पांचाल, इंदौर महिला अध्यक्ष ममता पांचाल, उज्जैन आगर अध्यक्ष दुर्गेश पांचाल, समाजसेवी शिव प्रसाद विश्वकर्मा, शिवनारायण पांचाल, गिरधारी लाल पांचाल, पप्पू पांचाल, राधेश्याम पांचाल, रामगोपाल पांचाल, सुभाष पांचाल, स्टेचू ऑफ यूनिटी के मूर्तिकार अनिल सुतार, मिश्री लाल पांचाल आदि समाजजन उपस्थित रहे। यह जानकारी पांचाल युवा मंच अध्यक्ष कार्यक्रम के विशिष्ट स्थानीय सहयोगी विशाल पांचाल द्वारा दी गई।

## सुधीर भाई सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु पूर्व राष्ट्रपति द्वारा सारस्वत सम्मान से सम्मानित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अहमदाबाद में शिक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली भारत की प्रतिष्ठित संस्था अचला एजुकेशन फाउंडेशन ट्रस्ट के गरिमामय भव्य समारोह में अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई को सेवा के क्षेत्र में विशिष्ठ योगदान हेतु भारत के महामहिम पूर्व राष्ट्पति माननीय श्री रामनाथ कोविंद द्वारा सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर दिनेश हाल में ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी मफत काका , ट्रस्टी एवं प्रसिद्ध समाज सेविका ग्राम श्री की फाउंडर अनारबेन ,प्रसिद्ध पर्यावरणविद जयेश भाई पटेल ,संजय भाई मोनिका दीदी , गोरी ,गोपाल मित्तल सहित हजारों शिक्षाविद और समाज सेवी उपस्थित थे ।

## सम्पादकीय

# सत्ता केंद्र न हों राज्यपाल

महाराष्ट्र मामले में राज्यपाल की भूमिका को लेकर कड़ी टिप्पणी के बाद सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा। विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति से दखल देने की गुहार लगाई है। महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी सरकार गिरने में राज्यपाल की भूमिका पर पिछले दिनों की गई कठोर टिप्पणी के बाद जिस तरह से देश के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट को ट्रोल किया जाने लगा, वह हैरत में डालने वाला है। सोशल मीडिया पर चला यह अभियान इतना गंभीर था कि सांसदों के एक ग्रुप ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उनसे दखल देने का आग्रह किया। सांसदों की मांग थी कि देश की शीर्ष अदालत और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ घटिया और अश्लील कॉमेंट करने वाले और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। यह वाकई गंभीर मसला है। संबंधित लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनसम्मत कड़ी कार्रवाई हर हाल में होनी चाहिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की इस संबंध में की गई टिप्पणी को इस संदर्भ से अलग भी गंभीरता से लेने की जरूरत है। कोर्ट ने महाराष्ट्र की स्ड्ड सरकार गिरने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी पार्टी में आंतरिक मतभेद या असंतोष की खबरें फ्लोर टेस्ट का आधार नहीं हो सकतीं। लेकिन मामले की सुनवाई अभी जारी है। कोर्ट का फैसला नहीं आया है। इसी मामले की अगली सुनवाई में कोर्ट ने यथास्थिति बहाल करने के आग्रह पर यह भी कहा कि जो सरकार विधानसभा में बहुमत साबित करने से पहले स्वेच्छा से हट गई, उसे भला कैसे बहाल किया जा सकता है? जाहिर है, इस खास मामले में किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी करने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। लेकिन राज्यपाल के पद के कथित दुरुपयोग का मुद्दा इस एक मामले तक सीमित नहीं है। अतीत में भी ऐसे मुद्दे उठते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से इनकी तीव्रता असामान्य रूप से बढ़ गई है।

तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल- सबकी शिकायत है कि राज्यपाल कार्यालय का व्यवहार ऐसा है, जिससे राज्य सरकार का कामकाज प्रभावित हो रहा है। विवाद कई सारे मसलों पर है, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को मंजूरी देने में टालमटोल कर रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री तो इसी मसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। खबरों के मुताबिक वहां सितंबर महीने से अब तक सात बिल राज्यपाल के पास पेंडिंग हैं। एक अन्य उदाहरण झारखंड का है, जहां मुख्यमंत्री पर चुनाव आयोग की राय पिछले छः महीने से राज्यपाल कार्यालय में ही पड़ी हुई है।

इस बीच, फरवरी में राज्यपाल बदले जा चुके हैं लेकिन यह मसला जस का तस है। विधानसभा का सत्र बुलाने और वाइस चांसलर्स की नियुक्ति करने पर भी कई राज्यों में विवाद हैं। सारे मसले संवैधानिक गतिरोध के नहीं हैं, लेकिन ये स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी भी नहीं। इन पर समग्रता में विचार होना चाहिए। जरूरी हो तो राज्यपालों की नियुक्ति करने और इन्हें हटाने की व्यवस्था पर भी पुनर्विचार किया जाए।

# रोज का बस एक उपाय, रखेगा जीवन में सुख और पैसा बनाए

## धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

शास्त्रों और ज्योतिष के जानकारों के अनुसार अगर आप किसी अच्छे काम के लिए घर से निकल रहे हैं तो उस दिन के हिसाब से उपाय करने से कार्य में जल्द सफलता मिलती है.

### आइए जानें हफ्ते के सात दिनों के सात उपायों के बारे में...

**सोमवार –**

सोमवार के दिन अगर बहुत जरूरी काम के लिए बाहर जा रहे हैं तो शीशे में अपना चेहरा देखकर निकलें. इससे आपका काम जरूर फलेगा.

**मंगलवार** –हनुमान जी की कृपा पाने के लिए या मंगलवार को अपने हर काम को शुभ बनाने के लिए, इस दिन कुछ मीठा खाकर निकलें. बेसन के लड्डू या गुड़ खाना उत्तम होगा.

**बुधवार** –इस दिन हरी धनिया की पत्ती खाकर निकलना आपके हर काम को सफल बनाने में मदद कर सकता है.

**गुरुवार** –काम कैसा भी हो अगर गुरुवार को आप घर से निकलने से पहले सरसों के कुछ दाने मुंह में डालकर निकलेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी.

**शुक्रवार** –मां लक्ष्मी को सफेद वस्तुएं बहुत प्रिय हैं और दूध से बनी चीजों का भोग लगाने से माता बहुत जल्दी प्रसन्न होती हैं. इसलिए शुक्रवार को दही खाकर निकलना शुभ होगा.

**शनिवार** –शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शनिवार को हम न जाने कितने उपाय करते हैं. शनिवार को अगर आप किसी अच्छे काम के लिए निकल रहे हैं या फिर आप इस दिन को अच्छा बनाना चाहते हैं तो अदरक या घी खाकर निकलें.

**रविवार** –वैसे तो रविवार के दिन सिर्फ आराम करना अच्छा लगता है. लेकिन कई बार इस दिन भी कई जरूरी काम निकल आते हैं. रविवार को शुभ बनाने के लिए पान का पत्ता अपने पास रखकर निकलें.

सोमवार, 20 मार्च 2023= श्रीगणेश की कृपा से आज किसे मिलेगा बिजनेस में लाभ, पढ़ें अपना राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** = व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**शुभ अंक – 08**
**शुभ रंग – स्लेटी**
**उपाय – किन्नरों को पैसा दान करें।**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** – शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**शुभ अंक – 07**
**शुभ रंग – हरा**
**उपाय – सफेद मिठाई का दान करें।**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** – अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा।

**शुभ अंक – 08**
**शुभ रंग – गुलाबी**
**उपाय – साबुत सुपारी का पूजन कर तिजोरी में रखें।**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** – धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**शुभ अंक – 02**
**शुभ रंग – गहरा लाल**
**उपाय – हल्दी का दान करिये।**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** – कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**शुभ अंक – 01**
**शुभ रंग – काला**
**उपाय – बांसुरी वाले की पूजा करें।**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** – पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक – 02**
**शुभ रंग – पीला**
**उपाय – कपूर की आरती करें।**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** – पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दु-खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**शुभ अंक – 01**
**शुभ रंग – महरून**
**उपाय – मेहंदी का दान करें।**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** – जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**शुभ अंक – 09**
**शुभ रंग – स्लेटी**
**उपाय – मां लक्ष्मी की पूजा करें।**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य** – जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेगे। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक – 05**
**शुभ रंग – नीला**
**उपाय – सुंदरकाण्ड का पाठ करें।**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** – यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**शुभ अंक – 03**
**शुभ रंग – हरा**
**उपाय – किसी विद्यार्थी को पुस्तक दान करें।**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** – कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**शुभ अंक – 05**
**शुभ रंग – सफेद**
**उपाय – शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** – घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**शुभ अंक – 03**
**शुभ रंग – स्लेटी**
**उपाय – सूर्य को जल अर्पित करें।**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं, आओ परिस्थितियों से लड़कर इतिहास रचें

**स्थितियों परिस्थितियों से निपटकर सफ़लता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है »»हर परिस्थिति का सामना करने के लिए मनुष्य को मानसिक मज़बूती और संतुलित विचारधारा चाहिए - एडवोकेट किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर खुशियों या सकारात्मक परिस्थितियों में तो हर व्यक्ति जीवन जीनें को आतुर रहता है, परंतु सृष्टि का यह नियम है कि हमेशा ऐसा नहीं होता, जीवन का चक्र घूमते रहता है। यदि आज सकारात्मक परिस्थितियां हैं तो कल नकारात्मक परिस्थितियां भी आनी ही है! जिससे हमें मुकाबला कर आगे बढ़ना है और स्थितियों पर परिस्थितियों से निपट कर सफलता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है। जो ख़ुद में स्थिर होते हैं, हर परिस्थितियों से लड़ते हैं, वही अपने जीवन में इतिहास रखते हैं। क्योंकि जब हम निर्भीकता से विपत्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध होंगे त्योहिं विपत्तियां दुम दबाकर भाग खड़ी होगी। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से विभिन्न विचारों को समाहित करते हुए चर्चा करेंगे,आओपरिस्थितियों से लड़ कर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन में परीक्षा की घड़ी की करें तो अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी सटीकता से जीवन यापन करने और अपने आप को सुदृढ़ और सुलझा हुआ कहने लगते हैं परंतु असली व्यक्तित्व और सटीकता का पता तो तब चलता है जब विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता के से मुकाबला कर उन्हें अनुकूल बनाकर इतिहास रचते हैं। असल में हमें विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत रखना और जिंदगी में जो भी परिस्थितियां हो उसका डटकर सामना करना हमारी जिंदगी में जो भी समस्या हो उन समस्याओं का हल निकालना और उन समस्याओं का हल निकालते और लड़ते-लड़ते मर जाना बेहतर है। किसी भी समस्या से भागना नहीं चाहिए विकट परिस्थितियों में जूजते रहेंगे तो हमारी समस्याओं का हल अपने आप निकलता रहेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए समस्याओं का निराकरण भी लाएंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श भी बनेंगे जो लोग समस्याओं से लड़ते हैं और उसका हल निकालते हैं और डरते नहीं है, वही लोग महान हैं।

साथियों बात अगर हम सटीक कहावत मानव परिस्थितियों का दास होता है और उस दास शब्द को अस्वीकार करने की करें तो, मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए हमें सर्वप्रथम उन वजहों को समझने का प्रयास करना चाहिए जिनके चलतेये परिस्थितियाँ पैदा हुईहैं।परिस्थितियों पर बारिकी से नजर रखते हुए सब्रके साथपरिस्थितियों का सामना करने का प्रयास करना चाहिए,जो परिस्थितियाँ हमारे बस में ना हों उनके लिए अधिक चिंतित हम ना हों । वे समय के साथ खुद ब खुद सामान्य हो जाएँगी। हर हालत में धैर्यवान बने रहकर ईश्वर अल्लाह (समय) पर भरोसा करना चाहिए।समय से बलवान कोई नहीं।चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो समय बीतने के साथ-साथ मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों को बदलकर सामान्य होते देर नहीं लगतीं।कितना भी गहन अंधकार वाली रात्रि हो कुछ पलों में सूर्योदय अवश्यंभावी है।

साथियों वह नियति हो या फिर परिस्थिति कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं। जिस तरह से हम अच्छे वक्त को संभालना बचपन से जानते हैं, उसी तरीके से हमें बुरे वक्त को भी संभालना सीखना चाहिए किस तरीकेसे हम इनको संभाले कि यहपरिस्थितियां कभी भी हमारे जीवन में ऐसी परिस्थिति ना क्रिएट करें की हम टूट कर बिखर जाएं यदि टूट कर बिखर भी जाएं तो स्वयं को जोड़कर पुनःखड़ा होने की हिम्मत अपने अंदर रखनी चाहिए। जीवन में जीवन से ज्यादा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं होता परंतु अक्सर देखा जाता है कि इंसान छोटी-छोटी बातों को लेकर के भी आत्महत्या कर लेता है या फिर कोई ऐसा कदम उठा लेता है जिसकी हम कल्पना भी नहीं करते इन्हीं सब से निपटने के लिए हमें स्वयं को मानसिक रूप से सबल बनाना होता है।

साथियों बात अगर हम विपरीत परिस्थितियों को हावी ना होने देने की करें तो, जब भी हम अपने जीवन में कमजोर होते हैं, चाहे वह कमजोरी शारीरिक होआर्थिक हो या मानसिक हो,उस वक्त हमारा मन दुर्बल होता है तथा हम परिस्थितियों से संघर्ष करने में कमजोर होते हैं। अतः ऐसी स्थिति में हमारे ऊपरपरिस्थितियों को हम हावी होने देते हैं यदि हम चाहते हैं कि हमारे ऊपर परिस्थितियां हावी ना हो तो हमको अपने आप को मानसिक रूप से बहुत सफल बनाए रखना होगा। जिंदगी में कहीं बार ऐसे पड़ाव, वक्त आता हैं कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं समझ में ही नहीं आता,उस परिस्थितियों में हमको सब्र रखना हैं, खुद से बातें करना हैं, खुद को एकांत में लाने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि यहीं वह समय हैं जब हम खुद कों समझ सकते हैं, हमारे अंदर रहा सामर्थ्य को पहचान सकते हैं, हमारी क्षमता को समझ सकते हैं,और जरूरी हैं सकारात्मक बने रहना। प्रतिकूल परिस्थितियों में अगर हमारा अपने दिल और दिमाग पर काबू है तो हमको किसी की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी तो सबसे पहले हमको स्ट्रांग रखने के लिए अपने दिल और दिमाग को अपने काबू में रखना पड़ेगा अगर वह काबू में आ गए तो हम किसी भी परिस्थिति का सामना कर पाएंगे। साथियों बात अगर हम खुद के अनुसार परिस्थितियों को बदलकर इतिहास रचने की करें तो, हमें ऐसे व्यक्ति बननां है जो परिस्थितियों के अनुसार खुद नही बल्कि खुद के अनुसार परिस्थितियों को बदल डाले इसलिए पुनःप्रयास करें और तब तक करते रहें जब तक हम उस परिस्थिति को बदल न दे। हमें अपनी परिस्थिति को सुधारने का भरसक प्रयत्न करना और उसके मार्ग में आने वाले संकटों का धैर्यपूर्वक मुकाबला करना चाहिए ,पर यदि प्रयत्नों के बावजूद हमारी आकाँक्षा और इच्छाओं के अनुसार हमारी परिस्थिति में किसी अज्ञात कारणवश शीघ्र वाँछित परिवर्तन या सुधार नहीं होता है, तो हमें घबराकर प्रयत्नों को नहीं छोड़ देना चाहिए बल्कि दुगने उत्साह के साथ हमें अपने उद्देश्य-प्राप्ति में जुटे रहना चाहिए।

## *आँखों की मालिश क्यों करे और कैसे करे।*

*युगों-युगों से कवियों ने आँखों की सुंदरता के विषय में अनगिनत कविताएं रच डाली है। आंखे शरीर की सबसे नाजुक संरचना है । आम तोर पर आँखों में दर्द चीनी अत्यधिक मात्रा में लेने के कारण होती है। आँखों को अच्छा रखने के लिए करे ये सरल व्यायाम।*

*1। अँगूठों से आइब्रो के नीचे, आई सॉकेट्स के ऊपरी आंतरिक कोनों पर दबाएँ। फिर एक हाथ के अंगूठे और तर्जनी से नाक के आधार को आंखों के कोने के पास दबाये । पहले नीचे दबाएं, फिर ऊपर की ओर दबाएं, अपनी चार अंगुलियों से आंख के ऊपरी रिम को और फिर निचले रिम को दबाएं।*

*2। मध्यमा उंगली से सीधे दोनों भौहों के केंद्र में दबाएं। कई सेकंड के लिए रुकें। अंगूठों से कनपट्टी को दबाएं।*

*अंत में करीब 10 सेकंड तक अंगूठे से पलकों पर दबाव डालें।*

*दिन में दो बार चार सरल नेत्र व्यायाम करे जिसमें केवल दस मिनट लगते हैं। व्यायाम आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त सञ्चालन को बढ़ाता है।*

*व्यायाम करते समय किन बातों का विशेष धयान रखे =*

*व्यायाम करते समय अपनी आंखें बंद रखें। उंगलियों के नाखून छोटे होने चाहिए और आपके हाथ साफ होने चाहिए। हल्का और धीरे-धीरे दबाये । अत्यधिक दबाव का प्रयोग न करें। प्रत्येक व्यायाम को आठ बार दोहराएं, एक बार सुबह और एक बार दोपहर या शाम को करे। कोहनियों को टेबल पर टिका कर बैठ जाएं।*

*1. भौंहों के कोनों के अंदर मालिश करने के लिए अंगूठे का प्रयोग करें।*

*2. नाक की पट्टी की मालिश करने के लिए अंगूठे और तर्जनी का प्रयोग करें नीचे दबाएं, फिर ऊपर की ओर।*

*3. अंगूठे को निचले जबड़े पर और तर्जनी और मध्यमा को नाक के दोनों किनारों पर नासिका के पास रखें। मध्यमा उंगलियों को नीचे करें और तर्जनी से मालिश करें।*

*4. माथे के दोनों तरफ अंगुलियों के नीचे और अंगूठे के साथ, तर्जनी के किनारों को बाहर की ओर रगड़ने के लिए उपयोग करें, भौंहों की आकृति और आंख के नीचे दबाये।*

***– सुमित्रा अग्रवाल***
***डायरेक्टर आर्टिफीसियल ऑय को***
***यूट्यूब आर्टिफीसियल ऑय को***
*(11 मिलियन व्यूज)*



# यदि समर्पण सच्चा है, तो मैं पूर्ण शक्ति के साथ सदैव आपके साथ हूं - श्री माताजी



सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी का वर्णन करने योग्य शब्द शायद ही कोई जुटा सकता है। विश्व के अनेक देशों में बड़े शहरों से लेकर छोटे गांवों तक में लाखों साधकों ने श्री माताजी के आशीर्वाद को, उनके गुरुत्व को तथा उनकी दिव्यता को आत्मसात् किया। श्री माताजी का अवतरण मानव सभ्यता के विकास क्रम में एक ऐसा पड़ाव है जो मानव की उत्पत्ति को संपूर्णता प्रदान करता है। श्री कृष्ण ने रणक्षेत्र में अर्जुन के माध्यम से योग, कर्म व भक्ति का जो संदेश इस संसार को गीता के रूप में प्रदान किया श्री माताजी ने उसी ज्ञान को कुंडलिनी की जागृति द्वारा बड़े ही सहज तरीके से साधकों के अंतःकरण में प्रकाशित कर दिया। सहजयोग वास्तव में शब्दों का नहीं वरन् अनुभव का ज्ञान है। शब्द बुद्धि का संवाद है जबकि परमशक्ति से योग हृदय का समर्पण जहां शब्दों के लिए कोई स्थान नहीं होता। श्री माताजी का अवतरण छिंदवाड़ा की पवित्र भूमि पर 21 मार्च 1923 को हुआ। इस वर्ष विश्व सहजयोग परिवार द्वारा श्री माताजी का जन्मशताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। छिंदवाड़ा सहित विश्व भर में अनेक केंद्रों पर सहजयोगी श्री माताजी के श्री चरणों में सहजयोग रुपी संजीवनी को प्रदान करने के लिए सामूहिक ध्यान साधना द्वारा अपना धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।

श्री माताजी परमशक्ति हैं कोई भी व्यक्ति उनकी व्याख्या नहीं कर सकता। हम उन्हें कुछ दे नहीं सकते सिर्फ़ उनसे पा सकते हैं। जिस क्षण हम संपूर्ण रूप से उनके श्री चरणों पर समर्पित हो जाते हैं उनकी कृपा का अमृत सभी ओर से हम पर बरसने लगता है। श्री माताजी प्रेम व करूणा का सागर हैं, शक्ति का प्रदीप्त सूर्य हैं, शीतल चेतन्य को प्रवाहित करने वाला चंद्र हैं, धैर्य को धारण करने वाली धरा हैं। उनके लिए कुछ भी असम्भव नहीं बस आपका विश्वास, समर्पण व भक्ति अखंड होनी चाहिए। श्री माताजी ने स्वयं ये दिव्य संदेश दिया है कि, हर कदम, हर जगह आपके साथ हम खड़े हैं, हर जगह कहीं पर भी आप हो कहीं पर भी आप रहो हर जगह हम आपके साथ हैं काया, मन, वाचा पूर्णतया। यह हमारा प्रॉमिस है एक पल भी आपसे दूर नहीं। जिस पल भी आप आंख बंद कर मुझे याद करेंगे मैं पूर्ण शक्ति लेकर शंख, चक्र, गदा पद्म, गरुण ले सिधाए। एक क्षण भी विलम्ब नहीं लगेगा लेकिन आपको मेरा होना पड़ेगा ये जरूरी है यदि आप मेरे हैं तो एक क्षण भी नहीं लगेगा मैं आपके पास आ जाऊंगी। सबको परमात्मा सुखी रखे, सुबुद्धि दे, सन्मति से रहो। श्री माताजी के इस दिव्य आशीर्वाद की छत्रछाया को प्राप्त करने हेतु जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं - 1800 2700 800 बेवसाइट?- sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल-लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# (अंतरारष्ट्रीय चिंतन)चीन और रूस की गहराती मित्रता, अमेरिका और यूरोपीय देशों की चिंता का सबब



**संजीव ठाकुर**

भारत अब द्द20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है इसका मतलब यह है कि वैश्विक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गए हैं। यदि पुतिन भारत आते हैं तो विश्व में भारत के कद का अलग नजरिया होगाद्य रूस और चीन की गहराती दोस्ती से भारत के साथ-साथ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को नुकसान होने की संभावना है, चीन भारत का धुर विरोधी है और रूस परंपरागत मित्र ऐसे में यदि चीन के साथ रूस की जुगलबंदी होती है तो भारत को कूटनीतिक तौर पर थोड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता हैद्य क्वाड सम्मेलन के बाद अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान बंगाल की खाड़ी में युद्ध पोतों को भेजकर साझा सैन्य अभ्यास करने में जुट गए हैं। फ्रांस ने तो अपना युद्धपोत तथा लड़ाकू विमान भेज कर इसका आगाज भी कर दिया है। अमेरिका पहले से ही प्रशांत महासागर में अपने बेडें को तैनात कर चुका है। जापान जल्दी बंगाल की खाड़ी और प्रशांत महासागर में अपने युद्धपोत तथा लड़ाकू विमानों की रवानगी करेगा। चीन की विस्तार वादी खतरनाक नीतियों एवं मानव विरोधी हरकतों के कारण विश्व की बड़ी ताकतों को एकीकरण का मौका दे दिया है। चार देश तो किवाड़ सम्मेलन करके उसके खिलाफ अंदरूनी अपने अपने हितों की रक्षा के उपाय भी कर चुके हैं, पर क्वाड सम्मेलन से सबसे ज्यादा तकलीफ चीन तथा रूस को हुई है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए चीन तथा रूस सामरिक महत्व के कारण एक दूसरे के काफी करीब आ गए और साझा सैन्य अभ्यास करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। अपरोक्ष रूप से चाइना ने रूस की तरफ अपना हाथ मित्रता का बढ़ा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों बड़े देश निकट भविष्य में प्रशांत महासागर मैं ही सैन्य अभ्यास सामरिक महत्व के लिए करने वाले हैं। मूलत क्वाड सम्मेलन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना, अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए दीर्घकालिक परेशानी का सबब बन सकती है। चीन ने अपने देश में जिस तरह आंतरिक उत्पीड़न,तानाशाही और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाकर कर एक बंद तथा अमानवीय वातावरण निर्मित किया है, उससे वैश्विक रणनीति तथा राजनीति में दूरगामी परिणामों में बहुत ज्यादा फर्क पडने की संभावना बलवती हो सकती है। चीन में सेना में भर्ती होना नौजवानों के लिए स्वैच्छिक ना होकर अत्यंत आवश्यक है वहां हर नौजवान पर सेना में भर्ती होने का भीषण दबाव रहता है इसीलिए नौजवान खुशी से सेना में अपनी सेवाएं देने से घबराकर हिचकिचाते भी हैं। चीन पाकिस्तान को छोड़कर ना सिर्फ भारत बल्कि अन्य पड़ोसी देशों के साथ पूरे विश्व में विस्तार वादी नीतियों के लिए कुख्यात है, और विगत दिनों भारत की लद्दाख की सीमा पर एल,ए,सी पर जो अतिक्रमण किया एवं दीर्घकालिक भारतीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर कुछ पीछे जाकर केवल औपचारिकता ही पूरी की हैं। संपूर्ण रूप से वह पीछे नहीं हटा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के पदाधिकारी किसी भी हालात में भारत को चैन से रहने नहीं देने पर अडिग हैं, पर भारत के संदर्भ में यह बात अत्यंत चिंतनीय की चाइना अपने वचन पर कभी भी यू-टर्न ले सकता है ।और चीन का सैन्य रक्षा बजट भारत के बजट से 5 गुना अधिक रखा गया है। इससे चीन के मंसूबे एकदम स्पष्ट हैं कि दक्षिण प्रशांत महासागर में वह कुछ भी सैन्य कार्यवाही कर सकता है। इतने बड़े रक्षा बजट बनाने के पीछे उसकी युद्ध करने की मंशा और संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, वैसे भी अमेरिका के राष्ट्रपति जोफ़ बाइडेन के नेतृत्व में बनी सरकार अपनी चिंता चाइना को लेकर स्पष्ट जता चुकी है कि चीन की सामरिक शक्ति एवं उदारवादी नीति पूरे विश्व के लिए खतरा बन सकती है। चीन अन्य देशों के साथ साथ अमेरिका जैसी महाशक्ति एवं सहयोगी देशों के लिए भी धीरे-धीरे खतरनाक होते जा रहा है ।अमेरिका में रक्षा विभाग पेंटागन के अनुसार चीन ने 21वीं सदी में दीर्घकालिक रणनीतिक एवं सामरिक खतरा पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा की चीन की अंतरिक कम्युनिस्ट पार्टी अपनी सरकार पर दबाव डालकर एल,ए,सी में अपनी भूमि बढ़ाने का काम तेजी से करने के प्रयास में है, एवं अपनी तमाम शक्तियों को बढ़ाने में लगा है ।चीन एक तरफ इंडो पेसिफिक संतुलन बिगड़ने की कोशिश में लगा हुआ है वहीं यह असंतुलन अमेरिका तथा उसके अन्य सहयोगी देशों के लिए अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालने और चिंता पैदा करने के लिए पर्याप्त है। अमेरिकी सैनिक विशेषज्ञ का कहना है की चीन अभी भी एल,ए,सी से उतना पीछे नहीं हटा है। जितना उसने पिछले कुछ दिनों में जमीन का विस्तार किया था । पिछले कुछ दिनों में एल,ए,सी में चीन द्वारा जमीन पर कब्जा तथा विस्तार किए जाने के बाद भारत और चीन के अधिकारियों से हुई वार्ता के परिणाम स्वरूप चीन तथा भारतीय सेना लद्दाख के पेंगांग के आसपास विवादित क्षेत्र के कुछ हिस्सों मे सैनिकों सहित पीछे हटी है। अंतरराष्ट्रीय सरकारी न्यूज़ एजेंसियों का कहना है कि चीन पर कभी विश्वास नहीं किया जा सकता,उस पर 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है। चीन की सामरिक शक्ति एवं कूटनीति के चलते वह मूलतः आक्रामक एवं विस्तार वादी नीति का बड़ा हिमायती है। और इस रणनीति में वह विश्व की बड़ी शक्तियों अमेरिका और रूस को भी डरा सकता है। इस तरह चीन के शासक और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी 21वीं सदी में वैश्विक अशांति का दूरगामी संदेश देते है, और इन गतिविधियों के चलते भारत को विशेष सतर्कता सामरिक क्षेत्र में बरतनी होगी। खासतौर पर जब क्वाड सम्मेलन से भारत की अमेरिका,जापान और ऑस्ट्रेलिया से बढ़ते निजी संबंधों के चलते मधुर संबंध स्थापित हो गए हैं, ऐसे में रूस जो भारत का परंपरागत मित्र है वह अमेरिकी शक्ति तथा उनकी नीतियों से खासा नाराज चल रहा है। वह अब भारत से भी अमेरिकी संबंधों के चलते बहुत खुश नहीं है।

# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यालय प्रभारी ने ली बैठक




**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की जिला बैठक भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय, विशेष अतिथि देवास विधानसभा प्रभारी ओम जोशी, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, मण्डल महामंत्री गणेश पटेल, मण्डल महामंत्री एवं एमआईसी सदस्य धर्मेन्द्र सिंह बैस, अनुसूचित जाति प्रदेश कार्य समिति सदस्य पंकज धारू उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। श्री मालवीय ने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में तन-मन से जुट जाने का आव्हान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मप्र ने काफी तरक्की की है। हमें पुनः सशक्त व मजबूत सरकार व जननेता की आवश्यकता है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना, चलो बस्ती की ओर, संगठन विस्तार व बूथ विस्तारक अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक जगदीश चौधरी ने किया। आभार भगवान सिंह कछावा ने माना। इस अवसर पर सह संयोजक संजय नंदी, भगवान सिंह कछावा, अशोक पारस, मनोज गरासिया, भगवान नाथ, राजेश जैन, रामसिंह दायमा, विजय सिंह सोलंकी, इकबाल भाई, विक्रम कछावा, अटल चौधरी सहित प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तेजकरण परमार ने दी।

## समयावधि पत्रों व राजस्व विभाग, उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक आज

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रातः 10 बजे उपार्जन समिति की बैठक नवीन कलेक्टर भवन के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से राजस्व विभाग की बैठक होगी। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी कलेक्टर कार्यालय मीटिंग हॉल में तथा अन्य राजस्व अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने-अपने मुख्यालय से गुगल मीट से जुड़ेंगी। साथ ही प्रातः 11.00 बजे से समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में सभी जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कलेक्टर कार्यालय सभागृह में उपस्थित रहेंगे। जबकि जनपद स्तरीय अधिकारी (तहसीलदार, एसडीओ कृषि, एसडीओ पीएचई, सीईओ जनपद, सीडीपीओ, बीएमओ, बीईओ, बीआरसी, बीपीएम, बीसी एनआरएलएम और जेएसओ, अपने-अपने जनपद पंचायत मुख्यालय पर जनपद कार्यालय सभागृह से गुगल मीट से जुडे रहेंगे।

## आपने इस उम्र में पढ़ाई करने का निर्णय लिया है यह बहुत साहस का कार्य है, पढ़ाई को अब निरन्तर जारी रखे - कलेक्टर गुप्ता

### देवास जिलें में आयोजित हो रही नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का कलेक्टर श्री गुप्ता ने किया निरीक्षण

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिलें में आयोजित हो रही नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रौढ़ प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि

आपने इस उम्र में पढ़ाई करने का निर्णय लिया है यह बहुत साहस का कार्य है। आप पढ़ाई करें पढ़ाई से आपका आगे का जीवन सफल होगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता नें ग्रामीण एवं शहरी केन्द्रो का निरक्षण किया तथा परीक्षार्थियों एवं अक्षरसाथी से चर्चा भी की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस परीक्षा में सम्मिलित हुए प्रौढ़ परीक्षार्थियों से इस परीक्षा के बाद भी अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने के लिए कहा और कम से कम 10वी उर्तीण हो इस लक्ष्य को लेकर चलें । इस दौरान जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी



डॉ . राजेन्द्र सक्सेना , विकासखण्ड साक्षरता सह समन्वयक श्री त्रिवेदी उपस्थित रहें ।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने चन्दाना पंचायत में चल रहे लाडली बहना योजना अंतर्गत संचालित आधार कार्ड अपडेशन सुविधा केन्द्र का भी निरक्षण किया ।

जिलें में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा अंतर्गत राज्य स्तर से 17 हजार 768 का लक्ष्य दिया गया है। जिसमे विकासखंड देवास में 2570, टोंकखुर्द में 1770, सोनकच्छ में 1590, बागली में 7310, कन्नौद में 2578 और खातेगांव में 1950 का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिलें में 1118 सामाजिक चेतना केन्द्र को परीक्ष केन्द्र बनाये गए तथा परीक्षा प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक में राज्य के निर्देश अनुसार ली गई ।

## आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन 25 तक जमा होंगे

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजातीय पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास योजना अन्तर्गत एमपी टास पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आवेदन करें। एमपी टास पोर्टल पर पीएमएस मॉडयूल अन्तर्गत आवेदन करने के लिए पोर्टल 25 मार्च तक खोला गया है।

## आबकारी जिला इंदौर की कार्यवाही

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।।** कलेक्टर इलैया राजा टी के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त इन्दौर मनीष खरे के निर्देशानुसार एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी राजीव मुदगल ए. डी. ई. ओ. के मार्गदर्शन में गस्त दौरान जिले के समस्त वृत प्रभारियों व्दारा शहर के विभिन्न होटलों /ढाबों Grill & Chill, काका की महफिल बालदा कालोनी, पंजाबी ढाबा राऊ, दा ग्रेट मराठा, राजपूताना, जम्मू कश्मीर पर ढाबा संचालक एवं मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई तथा हाथ भट्टी कच्ची शराब विक्रय करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 30 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34, 36 एवं के तहत कायम किए गए। उक्त प्रकरणों में देशी मदिरा के 53 पाव, विदेशी मदिरा की 8 बोतल, 410 किलोग्राम महुआ लहान, 28 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 3 किलोग्राम गीली भांग जप्त की गई। जप्त मुद्देमाल कीमत लगभग 82 हजार रूपये है। आबकारी व्दारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर

## अमूल्य है योग : अयोध्या तक दौडक़र पहुंचा रहे युवाओं में योग का संदेश

### योगगुरु बैरागी रोजाना दौड़ रहे 50 किमी, देवास में आरोग्य केन्द्र की कामना

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ समय खुद के लिए निकालना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में शरीर के स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही लोगों ने छोड़ दिया है। लगातार पनप रही नई-नई बीमारियों का एक कारण यह भी है कि लोगों ने शरीर पर ध्यान देना बंद कर दिया। देवास के योगगुरु राजेश बैरागी देश के युवाओं को योग का संदेश देने एवं देवास में आरोग्य केन्द्र बनाने की कामना के लिए दौडक़र अयोध्या पहुंच रहे हैं। उनकी दौड़ हर वर्ग के लोगों के लिए है, जिसके माध्यम से वे योग की ओर ध्यान आकर्षित करवा रहे हैं।

### रोजाना दौड़ रहे 50 किमी

योग गुरु श्री बैरागी द्वारा 8 मार्च को दौड़ प्रारंभ की थी, जो कि अयोध्या में ही समाप्त होगी। वे रोजाना 50 किमी दौड़ रहे हैं, जहां भी वे रुकते हैं योग एवं प्रवचन का आयोजन होता है। उनका कहना है कि इस दौड़ के माध्यम से युवाओं और समस्त विश्व को यह बताना है कि योग केवल रोगों से मुक्ति और



रोगों को दूर करने तक सीमित नहीं है, योग से अंतहीन सामर्थ्य प्राप्त होता है। योग क्रियाओं का प्रतिदिन अभ्यास करने से मनुष्य कोई भी असंभव कार्य कर सकता है। युवाओं को आज अपने कैरियर निर्माण के लिए पहली प्राथमिकता दौड़ ही होती है, वह चाहे पुलिस भर्ती हो या सेना भर्ती पहले दौड़ ही आवश्यक होती है। उन्होंने बताया कि योग करने वाला आसानी से 50 किमी रोजाना दौड़ सकता है।

योगगुरु बैरागी ने बताया कि वे शहर में योग प्रशिक्षण देने के लिए दिव्य योग संस्थान का संचालन करते हैं। उनके यहां शहर के कई लोग प्रतिदिन योग करने के लिए पहुंचते हैं। वे देवास में आरोग्य केन्द्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि देवास का नाम योग के लिए ऊंचाई तक पहुंच सके। गत दिवस छिंद वाले बाबा के दर्शन के लिए गए थे। वहीं से यह प्रेरणा मिली कि आरोग्य केन्द्र का कार्य रामजी कराएंगे। इसकी कामना के लिए देवास से अयोध्या तक दौडक़र जाने और रामलला के दर्शन करने का विचार किया था।

श्री बैरागी ने पहले दिन खेड़ापति दर्शन के बाद दौड़ प्रारंभ की थी। फिर उन्होंने राजदीप गार्डन से सोनकच्छ तक सोनकच्छ से आष्टा, आष्टा से कुबरेश्वर और यह दौड़ अब कई पड़ावों को पार करते हुए निरंतर अयोध्या की दूरी पाटती जा रही है।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान



**भौरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज भौरासा नगर के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें उनके द्वारा वहां पूरे मुक्तिधाम प्रांगण मैं एक विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया जिसमें झाड जकोडियो को साफ कर झाड़ू लगाई गई व कचरे को जलाया गया वही विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सेवा प्रमुख मुरारी लाल जी लोधी के द्वारा बताया कि यहां पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा साल में एक बार इस तरह का विशेष अभियान चलाया जाता है जिसमें नगर के शमशान व मंदिर एव सार्वजनिक जगहों पर सफाई की जाती है वही इस तरह का स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रहेगा जिसमें भवर नाथ जी मंदिर प्रांगण व वार्ड क्रमांक 2 में स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा वही इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा रालामण्डल हायर सेकेण्ड्री में छह नवीन कक्षों का उद्घाटन

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रालामण्डल में अध्ययन कार्य के लिये छह कक्षों का निर्माण किया गया। इन कक्षों का आज इंदौर कलेक्टर डॉ.इलैयाराजा टी द्वारा उद्घाटन किया गया। अध्ययन कक्ष की कमी को देखते हुये राउण्ड टेबल इंडिया की इंदौर शाखा इल्युमिनाती राउण्ड टेबल 296 द्वारा सर्वसुविधायुक्त छह कक्षों का निर्माण कराया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष नवम्बर, 2022 में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रालामण्डल की प्राचार्या श्रीमती संध्या जायसवाल ने विशेष प्रयास कर राउण्ड टेबल इंडिया के अध्यक्ष प्रणय गोयल से सम्पर्क कर विद्यालय में अध्ययन कार्य हेतु कक्षों के निर्माण कराने हेतु निवेदन किया गया था। अध्ययन कक्षों की कमी को देखते हुये



राउण्ड टेबल इंडिया के अध्यक्ष प्रणय गोयल द्वारा गंभीरतापूर्वक लेते हुए शीघ्र निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया और माह नवम्बर, 2022 से ही कार्य शुरू कर 18 मार्च, 23 को निर्माण कार्य पूर्ण करवाया। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रालामण्डल में कक्षों के निर्माण में सिद्धार्थ जोशी, गुंजीत अजमानी, वरूण बागडी, रोहित शुक्ला एवं राउण्ड टेबल संस्था के अन्य टेबलर्स का सहयोग रहा। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा उक्त कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यास ने राउण्ड टेबल इंडिया का आभार व्यक्त किया। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रालामण्डल में नवीन भवन निर्माण से स्कूल के शिक्षक, ग्रामीणजन एवं बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया।

## इंदौर में अत्याधुनिक एयर ट्रेफिक कंट्रोल टावर, फायर स्टेशन, टेक्निकल ब्लॉक और कम्युनिकेशन बिल्डिंग का भूमिपूजन सांसद शंकर लालवानी ने किया

**इंदौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और इसी के साथ एयरपोर्ट को अपग्रेड करने का काम भी किया जा रहा है। इंदौर एयरपोर्ट पर करीब 80 करोड रुपए की लागत से एटीसी यानी एयर ट्रेफिक कंट्रोल टॉवर, फायर स्टेशन, टेक्निकल एवं कम्युनिकेशन बिल्डिंग बनने जा रही है। वर्तमान एटीसी टॉवर काफी पुराना हो गया है ऐसे में इसे अपग्रेड करना ज़रुरी था।

नया बनने वाला एटीसी अत्याधुनिक राडार एवं तकनीक से युक्त होगा। वर्तमान में एयरपोर्ट से हर घन्टे 12 फ्लाइट लैंड एवं टेक ऑफ कर सकती है वहीं नए एटीसी टॉवर बनने से क्षमता दोगुना से ज़्यादा हो जाएगी। साथ ही, समय के साथ इसे अपग्रेड भी किया जा सकता है। एयरपोर्ट की आने वाले कई सालों की जरूरतों को देखते हुए इसे तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में इंदौर की टेक्निकल सुविधाओं के साथ एटीसी किसी भी एयरक्राफ्ट को 100 किलोमीटर की दूरी से कंट्रोल कर सकता है। वहीं नई सुविधाओं के बाद एयरक्राफ्ट 150 किलोमीटर दूर होने से भी कंट्रोल किया जा सकता है। अभी इंदौर एयरपोर्ट के कंट्रोल में विमानों के बीच की दूरी 10 मील होना ज़रुरी है लेकिन अपग्रेडेशन के बाद इसे घटाकर 5 मील तक लाया जा सकता है जिससे एयरक्राफ्ट हैंडलिंग कैपिसिटी बढ़ जाएगी। किसी भी एयरपोर्ट पर बड़े हवाई जहाजों को उतारने के लिए आवश्यक नॉर्म्स से हिसाब से सुरक्षा दिए जाने की जरूरत होती है। वर्तमान फायर स्टेशन से बड़े जहाजों को उतरने का अप्रूवल देना संभव नहीं है।

नया फायर स्टेशन बनने के बाद बड़े हवाई जहाज के लिए भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम इंदौर एयरपोर्ट पर होंगे। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने इन सभी सुविधाओं के लिए भूमिपूजन किया। नई सुविधाओं के पूरा होने के बाद पुराने एटीसी टॉवर और फायर स्टेशन को शिफ्ट किया जाएगा और यहां एयरपोर्ट टर्मिनल बनाने के लिए जगह उपलब्ध होगी। साथ ही, डोमेस्टिक कार्गो और पेरिशेबल कार्गो का काम भी तेजी से चल रहा है। इनकी लागत करीब 10 करोड़ रु है।

इंदौर एयरपोर्ट पर कुल मिलाकर 100 करोड़ रु से ज़्यादा के विकास कार्य चल रहे हैं। साथ ही दो नए एयरोब्रिज भी बनाए गए हैं जिनका काम अंतिम चरण में है। एयरपोर्ट पर अब तक तीन एयरोब्रिज थे जिन की संख्या बढ़कर 5 हो जाएगी। सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद दिया और कहा कि इंदौर एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में एयरपोर्ट पर आधुनिक भविष्य की ज़रूरतों के हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर की ज़रुरत है। आज नए एटीसी टॉवर, टेक्निकल एवं कम्युनिकेशन बिल्डिंग तथा नए फायर स्टेशन का भूमिपूजन किया है जो अत्याधुनिक तकनीक पर काम करेगा। ये इंदौर एयरपोर्ट की आने वाले कई वर्षों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों की रचना पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

### पवित्रता, गोपनीयता, गरिमा के साथ त्रुटि रहित परीक्षा का आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता – प्रोफ़ेसर मेहरा

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आज प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र रचना के विविध आयाम विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिक्षाविदों ने भाग लिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर राजेशलाल मेहरा ने कहा कि आयोग के महत्वपूर्ण कार्यों में परीक्षा करवाना सर्वोपरि है। परीक्षा की पवित्रता बनी रहे, प्रत्येक चरण में उसकी गोपनीयता व गरिमा बनी रहे। परीक्षा त्रुटि रहित हो यह अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है और वस्तुतः यही आयोग की परीक्षा भी है। समाज की अनेक दृष्टियाँ सतत् उसका मूल्यांकन करती रहती हैं। विभिन्न कसौटियों पर वह खरा उतरे इसके लिये सदैव सचेष्ट होकर तत्परता से कार्य करना होता है। इन कार्यों में आयोग परिवार के साथ अनेक विद्वानों की महती भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ सुनिश्चित होती हैं। आज आयोजित इस सेमिनार का यही उद्देश्य है कि प्रश्न पत्रों की रचना में इसकी गोपनीयता, गरिमा, पवित्रता बनी रहे और परीक्षा के प्रश्न पत्रों का स्वरूप सौ फ़ीसदी त्रुटि रहित हो।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव प्रबल सिपाहा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा की परीक्षा संचालन के क्रम में प्रश्न पत्रों को तैयार किया जाना एक महत्वपूर्ण भाग होता है। इसका व्यवस्थित और सुगठित होना परीक्षा की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहा है। आज इस राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिक्षाविदों के अनुभवों और चिंतन का लाभ निश्चित रूप से लोक सेवा आयोग को प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि कार्यशाला



में चिंतन विमर्श और प्रशिक्षण से हम परस्पर एक दूसरे की ज्ञान सम्पदा को और समृद्ध करेंगे।

राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में सदस्य मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ. कृष्णकांत शर्मा, अध्यक्ष निजी विश्वविद्यालय शुल्क नियामक आयोग डॉ. आर. आर. कान्हेरे, एमपी शिक्षा मंत्रालय,नईदिल्ली के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ. अमिय पहारे तथा द्वितीय तकनीकी सत्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. देवेन्द्र मरकाम, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आर. पी. मिश्रा, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ के प्राध्यापक डॉ. कृष्ण मोहन, साँची विश्वविद्यालय रायसेन के कुलसचिव डॉ. अलकेश चतुर्वेदी तथा तृतीय तकनीकी सत्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. कृष्णकांत शर्मा, शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम के प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के प्राध्यापक डॉ. मनीष शर्मा एवं समापन सत्र में निवृत्त कुलपति महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने उद्बोधन दिया।

राष्ट्रीय सेमिनार के समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेमिनार में आयोग के सदस्य चन्द्रशेखर रायकवार, डॉ. देवेन्द्र सिंह मरकाम, डॉ. कृष्णकांत शर्मा, कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर प्रो. रेणु जैन, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. खेमसिंह डहेरिया, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. सरोज कुमार जैन, मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्विद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. संजय तिवारी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय महू के कुलपति प्रो. रामदास अत्राम, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल के निदेशक डॉ. अशोक कड़ेल, डॉ. अनिल शिवानी, डॉ. रविन्द्र पंचभाई, श्रीमती सपना पंकज सोलंकी, श्रीमती राखी सहाय डॉ. सुशांत पुणेकर, डॉ. प्रदीप खरे, डॉ. दिनेश जाधव उपस्थित थे।

**19 मार्च से होगा बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन**

# मण्डल मुख्यालय के कमांड कंट्रोल रूम से होगी मॉनिटरिंग

**एमपी बोर्ड में लागू होगी नई शिक्षा नीति, विदेशी भाषा भी पढ़ सकेंगे छात्र, गणित का टेंशन भी होगा दूर ››घर बैठे माशिमं संबंधी हर आवश्यकता का समाधान पा सकेंगे छात्र**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की कॉपी जाँचने का कार्य 19 मार्च से जिला स्थित मूल्यांकन केन्द्रों पर प्रारंभ हो रहा है। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल श्री श्रीकांत बनोठ ने बताया कि प्रत्येक जिलें में समन्वयक संस्था में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। मण्डल मुख्यालय, भोपाल स्थित कमांड कंट्रोल रूम से शिक्षकों द्वारा कॉपी जाँचने संबंधी कार्य की मॉनिटरिंग होगी। इसमें विशेष कर यह ध्यान दिया जाएगा कि शिक्षक निर्धारित नियमों का अनुपालन करते हुए मूल्यांकन कर रहे हैं अथवा नहीं। शिक्षक एवं संलग्न स्टॉफ कॉपी जाँचने के दौरान मोबाईल का उपयोग तो नहीं कर रहा है एवं शिक्षक निर्धारित समय पर उपस्थित हो रहे हैं अथवा नहीं।

श्री बनोठ ने बताया कि मॉनिटरिंग के लिए प्रयुक्त सभी सीसीटीवी कैमरे 360 डिग्री रोटेट हो सकते हैं। ये कैमरे स्ट्रांग रूम, गलियारे एवं क्लास रुम में लगाए गए हैं। इन कैमरों का उपयोग परीक्षा कार्यों में भी किया जा सकेगा। जब मण्डल के प्रश्न-पत्र वितरित होंगे अथवा मूल्यांकन हेतु शिक्षकों को कॉपी दी जायेगी तो मंडल मुख्यालय से निगरानी रखी जा सकेगी कि प्रश्न-पत्रों का वितरण नियमानुसार सुचारू रूप से हुआ है या नहीं एवं कॉपियों का मूल्यांकन गंभीरतापूर्वक किया जा रहा है या नहीं।

श्री बनोठ ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों को अब बोर्ड ऑफिस जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छात्रों से संबंधित सभी सेवाएँ अब ऑनलाईन उपलब्ध है। परीक्षा फार्म भरना हो अथवा अंक-सूची की डुप्लीकेट प्रति प्राप्त करना, सभी आवश्यक सेवाएँ अब ऑनलाईन उपलब्ध है। छात्र अपनी आवश्यकता अनुसार प्रतिलिपि अंक-सूची, प्रमाण-पत्र, अंक-सूची/प्रमाण-पत्रों में संशोधन, उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति, पुनर्गणना आदि सेवाएँ घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवाएँ ÷ख्क्कस्थ्र ऐप÷ के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मण्डल द्वारा वर्ष 2003 एवं उसके बाद के वर्षों में मण्डल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का संपूर्ण डाटा ÷डिजी लॉकर÷ में भी उपलब्ध करा दिया गया है। यह नवाचार छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश या रोजगार के समय अपने दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में मददगार होगा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल निरंतर छात्र हित में अनेक कदम उठा रहा है, जिनका उद्देश्य प्रदेश के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका में लाना है। मण्डल मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को ध्यान में रख कर छात्रहित में परीक्षा प्रणाली में अनेक नवाचार एवं परिवर्तन कर रहा है।

आगामी शिक्षा-सत्र से मण्डल छात्रों को क्षेत्रीय भाषाओं तथा कुछ विदेशी भाषाओं का चयन करने का विकल्प भी देने जा रहा है। विदेशी भाषाओं में मुख्य रूप से फ्रेन्च, जर्मन, स्पेनिश और रशियन भाषा चुनने के विकल्प होंगे। इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा जो अन्य देशों में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए जाना चाहते हैं।

सचिव शिक्षा मण्डल ने बताया कि 10वीं कक्षा के ऐसे छात्र जो आगे गणित विषय का अध्ययन नहीं करना चाहते हैं, उन छात्रों के लिए मण्डल आगामी सत्र से एक बड़ी सौगात बेसिक गणित के रूप में देने जा रहा है। जो छात्र गणित विषय लेकर आगे अध्ययन करना चाहते हैं, उनके लिए स्टेण्डर्ड गणित का विकल्प पहले की तरह उपलब्ध रहेगा।

इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को 20 से बढ़ा कर 25 किया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों में रटने की प्रवृत्ति को कम करना है। साथ ही मण्डल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में सभी मुख्य विषयों में एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकें लागू की गई है। मण्डल की इस पहल से प्रदेश के छात्रों को नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी सुविधा होगी।

**कक्षा 10वीं एवं 12वीं में होगी विषय चुनने की आजादी**

श्री बनोठ ने बताया कि मण्डल विषय चयन में भी लचीलापन लाने जा रहा है। उदाहरण स्वरूप यदि छात्र चाहे तो गणित, भौतिक विज्ञान के साथ संगीत विषय भी पढ़ सकेंगे। विषय चयन में इस प्रकार का लचीलापन पश्चिमी देशों में ज्यादा लोकप्रिय है। यह पहल उन छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी, जो परम्परागत विषयों में अरुचि होने के कारण अपनी पसंद का विषय नहीं पढ़ पा रहे हैं। कक्षा 12वीं के परीक्षार्थी वर्तमान समय की मांग के अनुसार कुछ अतिरिक्त विषय इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, इंटरप्रेन्योरशिप, लीगल स्टडीस, एप्लाईड मैथेमेटिक्स के रूप में ले सकेंगे।

हाईस्कूल परीक्षा के छात्रों के लिए मण्डल द्वारा शीघ्र ही अतिरिक्त विषय के रूप में ऐसे विषय प्रस्तुत किए जायेंगे, जिससे उन्हें हायर सेकेण्डरी में अपनी पसंद का संकाय चुनने में मदद मिलेगी। यदि हाईस्कूल का छात्र चाहे तो वह वाणिज्य संकाय के विषय जैसे बुक कीपिंग, पेंटिंग, होम साईन्स, कम्प्यूटर एप्लीकेशन आदि में से कोई एक विषय ले सकेगा।

**मण्डल मुख्यालय में 12 घंटे काउन्सलर की व्यवस्था**

श्री बनोठ ने बताया कि मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के लिए मनोवैज्ञानिक, अकादमिक एवं कैरियर कॉउंसलिंग संबंधी परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 18002330175 जारी किया गया है। इस पर छात्रों को परीक्षा के साथ निजी समस्याओं में भी सहायता, सलाह और मार्गदर्शन दिया जाता है । मण्डल की हेल्पलाइन सेवा प्रतिदिन अवकाश के दिनों सहित प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहती है। इस दौरान 18 कॉउन्सलर, छात्रों और अभिभावकों की सेवा में उपलब्ध रहते हैं। माह जनवरी 2023 से अब तक 23 हजार 535 परामर्श संबंधी कॉल्स मण्डल की हेल्पलाइन सेवा को प्राप्त हुए हैं, जिससे छात्रों की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया गया है।

**मण्डल ने शुरू किया यूट्यूब चैनल**

श्री बनोठ ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए मण्डल ने नवाचार किया है। मण्डल ने हेल्पलाइन सेवा में अपना यूट्यूब चैनल ÷द्वश्च ड्डश्चड्डह्म्स्र श्द्ध ह्यद्गष्श्ठ्ठस्रड्डह्म्4 द्गस्रह्वष्ड्डह्लद्बश्ठ्ठ÷ शुरू करते हुए प्रेरक वीडियो तैयार किए हैं, जो कॉउन्सलर हेल्पलाइन सेवा के अतिरिक्त मंडल का अन्य नवाचार है। यूट्यूब चैनल पर शीर्षक ÷बातें काम की÷ नाम से डाले गए वीडियो में छात्रों के नैतिक मूल्य संवर्धन, अनुशासन एवं मनोबल में वृद्धि सहित अनेक उत्साहवर्धक विषयों को शामिल किया गया है। मण्डल का यह नवाचार न सिर्फ विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षक, अभिभावक और अन्य सभी आमजन के लिए भी हितकर है। इसमें आयु का कोई बंधन नहीं है। यूट्यूब चैनल पर डाले गए वीडियो को देख कर कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आत्म-विश्वास एवं क्षमतावर्धन कर सकता है। यूट्यूब चैनल पर ÷प्रकृति से प्रेम÷ ÷पढ़ने की आदत÷ ÷अपनी प्रतिभा को पहचानना÷ एवं ÷आत्म-विश्वास÷ आदि विषयों पर वीडियो उपलब्ध हैं।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने रहवासियों के साथ विकास कार्यों का सोशल ऑडिट किया

**विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी - चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता उच्च हो और समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण हों।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों के सोशल ऑडिट के दौरान नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग रविवार सुबह 7 बजे से ही नरेला विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों के औचक निरीक्षण के लिये पहुँचे। इस दौरान उन्होंने रहवासियों से विकास कार्यों की गुणवत्ता का फीडबेक भी लिया।

मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत द्वारका नगर, राजीव नगर, चांदबड़, स्टेशन 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, गौतम नगर, रचना नगर, कस्तूरबा नगर सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का रहवासियों के साथ सोशल ऑडिट किया। उन्होंने बताया कि नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट के जरिये नई परंपरा की शुरूआत की गई है। इससे क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की जाँच शासकीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ ही अब रहवासी भी करेंगे। सोशल ऑडिट के लिये हर क्षेत्र में वार्ड स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। यह समिति ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी।

**मंत्री श्री सारंग ने चांदबड़ में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जताई नाराजगी**

नरेला विधानसभा के वार्ड 36 चांदबड़ में निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। श्री सारंग ने स्वयं इंचीटेप से सड़क की नपाई की। उन्होंने पाया कि सीसी सड़क की मोटाई 4 इंच के स्थान पर 3 इंच है। इस पर मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में सुधार करने के लिये निर्देशित किया।

**श्री खेड़ापति हनुमान मिनी कॉरिडोर के विस्तार को लेकर अधिकारियों से की चर्चा**

मंत्री श्री सारंग ने वार्ड 76 के छोला दशहरा मैदान के समीप स्थित समस्त भोपालवासियों के आस्था के केंद्र श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मिनी कॉरिडोर निर्माण संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। श्री खेड़ापति कॉरिडोर में हनुमान चालीसा की चौपाईयों का चित्रण भी किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर के कायाकल्प के साथ ही मन्दिर के समीप मार्केट को भी व्यवस्थित रूप से विकसित किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने छोला दशहरा मैदान के रिंग रोड निर्माण के प्लान को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी।

**नरेला विधानसभा में इन स्थानों पर हुआ सोशल ऑडिट**

मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र की उड़िया बस्ती में शिव-पार्वती मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य, कृष्णा नगर में सीसी नाला निर्माण, चांदबड़ में सीसी नाली एवं सड़क निर्माण, गौतम नगर में सड़क निर्माण, कस्तूरबा नगर में पार्क निर्माण, करोंद चौराहा में स्मार्ट सड़क निर्माण सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के 17 वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तय समयावधि और गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया।

**हर अवकाश पर क्षेत्र में किया जायेगा सोशल ऑडिट**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि रविवार के साथ हर अवकाश के दिन नरेला विधानसभा में सोशल ऑडिट किया जाएगा। साथ ही सुधार कार्य के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से फीडबेक भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही या गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# इंडिया ट्रैवल मार्ट में ग्रीन टूरिज्म के लिए किया जागरूक



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यात्रा एवं पर्यटन प्रदर्शनी इंडिया ट्रेवल मार्ट (आईटीएम) भोपाल का समापन रविवार को हुआ। म. प्र. टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से कोर्टयार्ड बाय मैरियट में तीन दिनों से चल रही प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल, झारखंड राज्य के प्रतिनिधियों ने आगंतुकों को पर्यटन गंतव्यों की जानकारी दी और ग्रीन टूरिज्म के प्रति जागरूकता फैलाई।

ट्रैवल मार्ट में शामिल प्रदेशों सहित भोपाल और उनके आसपास के क्षेत्रों के ट्रैवल एजेंट, टूर प्लानर्स, होटल व्यवसायियों ने भागीदारी कर अपने उत्पादों के बारे में बताया। समापन पर म. प्र. स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के जनरल मैनेजर (ऑपरेशन्स) एस. पी. सिंह और टूरिज्म बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर (इवेंट्स एंड मार्केटिंग) युवराज पडोले ने प्रतिनिधियों को सम्मानित कर स्मृति-चिन्ह भेंट किये।

अंतिम दिवस भी बड़ी संख्या में आंगतुकों ने अपने परिवार के साथ प्रदर्शनी देखी और देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए होली-डे और टूर पैकेज की जानकारी लेकर बुकिंग भी की। अध्यक्ष आईसीएम ग्रुप एवं प्रबंध निदेशक अजय गुप्ता ने कहा कि 'आईटीएम में भागीदारी भोपाल के पर्यटन स्थलों, जीवंत संस्कृति और अद्वितीय उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है। हम यात्रा उद्योग और पर्यटकों तक पहुँचने के लिए इस मंच से बड़े पैमाने पर लाभान्वित होने की उम्मीद करते हैं।'

**ट्रैवल प्रमोशन अवार्ड**

1. मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश पर्यटन संयुक्त रूप से- स्टाल डेकोरेशन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार
3. इंडिया टूरिज्म को एक भारत, श्रेष्ठ भारत को प्रदर्शित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार।
4. हिमाचल प्रदेश पर्यटन- 'ऑल सीजन्स डेस्टिनेशन' के लिए बेस्ट स्टाल अवॉर्ड।
5. झारखंड पर्यटन- 'पर्यटन गंतव्य जागरूकता' के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टाल पुरस्कार।
6. केरल पर्यटन- वन्य-जीव, बैकवाटर और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य अवकाश को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टाल पुरस्कार।

# भोपाल में सुसज्जित की जा रही 406 पशु एंबुलेंस

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीमार पशुओं तक चिकित्सा सुविधा पहुँचाने के लिए भोपाल में 406 पशु चिकित्सा इकाई (पशु एंबुलेंस) तैयार करने की कार्यवाही जारी है। इन वाहनों में जीपीएस, माइक, माइक्रोस्कोप, रक्त जाँच किट, बैटरी चलित छोटा फ्रिज, दवाइयाँ, डिस्पोजेबल, सिरिंज, ग्लव्ज, कृत्रिम गर्भाधान किट और छोटे-मोटे ऑपरेशन की सुविधा रहेगी। गाँव में पहुँचने के बाद यह अस्पताल माइक से ग्रामीणों को अपने पहुँचने की सूचना भी देगा। पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि अप्रैल से यह व्यवस्था शुरू करने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर मनुष्य तो अस्पताल पहुँच जाता है पर पशु नहीं। इसलिए प्रदेश में यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। केन्द्र सरकार से प्रदेश के लिए स्वीकृत 406 पशु एंबुलेंस प्राप्त हो चुकी हैं। प्रति चलित पशु चिकित्सा इकाई में एक-एक पशु चिकित्सक, पैरावेट और वाहन चालक सह सहायक की व्यवस्था की जा रही है।

## 'वल्चर कंजर्वेशन एण्ड रीइन्ट्रोडक्शन इन मध्यप्रदेश विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 'वल्चर कंजर्वेशन रीइन्ट्रोडक्शन इन मध्यप्रदेश' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ एसीएस वन जे. एन. कंसोटिया के मुख्य आतिथ्य और प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख आर. के. गुप्ता के विशेष आतिथ्य में 20 मार्च को प्रातः 10 बजे होगा।

आरसीपीव्ही नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में 20-21 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वन, पशुधन, औषधि नियंत्रण विभाग, संरक्षित क्षेत्रों के फील्ड डायरेक्टर, पशु चिकित्सक और राष्ट्रीय स्तरीय गिद्धों के संरक्षण में संलग्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निष्पादित किये हुए एक्शन प्लान फॉर वल्चर कंजर्वेशन में गिद्धों के संरक्षण की कार्य-योजना के पालन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। गिद्ध संरक्षण प्रजनन केन्द्र भोपाल में जन्में गिद्धों को उनके नैसर्गिक आवास में पुनर्स्थापना की रूपरेखा भी तैयार होगी।

## राष्ट्रीय युवा कोर कार्यक्रम से जुड़ने का आव्हान

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय युवा कोर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक योजना है। जिसे देश के समस्त नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा लागू की जा रही है। यह योजना 18 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा पुरूषों और महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सेवा करने के लिए अवसर प्रदान करेगी जिसके लिए उन्हें 5000 रूपये का मासिक मानदेय दिया जाएगा।

# लेख-विकलांग व्यक्तियों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के हो प्रयास



**हमारी शिक्षा प्रणाली समावेशी नहीं है। मामूली से मध्यम विकलांग बच्चों को नियमित स्कूलों में शामिल करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेष स्कूलों की उपलब्धता, स्कूलों तक पहुंच, प्रशिक्षित शिक्षकों और विकलांगों के लिए शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता जैसे कई मुद्दे हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थानों में विकलांगों के लिए आरक्षण कई मामलों में पूरा नहीं किया गया है, भले ही कई विकलांग वयस्क उत्पादक कार्य करने में सक्षम हैं, विकलांग वयस्कों के पास सामान्य जनसंख्या की तुलना में बहुत कम रोजगार दर है। निजी क्षेत्र में स्थिति और भी खराब है, जहां बहुत कम विकलांगों को रोजगार मिला हुआ है।**

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार, ÷विकलांग व्यक्ति÷ का अर्थ दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी हानि वाला व्यक्ति है, जो बाधाओं के साथ बातचीत में, दूसरों के साथ समान रूप से समाज में उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा डालता है। आज भारत में करोड़ों लोग विकलांग हैं। 2011 की जनगणना हमें 26।8 मिलियन आंकती है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 2।21 प्रतिशत है; लेकिन कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और विश्व निकायों जैसे डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि यह 40 से 80 मिलियन के बीच होगा। राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 41 में कहा गया है कि राज्य अपनी आर्थिक सीमा के भीतर काम, शिक्षा और बेरोजगारी, वृद्धावस्था, बीमारी और विकलांगता के मामलों में सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए प्रभावी प्रावधान करेगा। संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में %विकलांगों और बेरोजगारों को राहत% का विषय निर्दिष्ट है।

इस मामले को उठाना केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का कर्तव्य बनता है। यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि सभी सरकारी बसें सुसंगत दिशानिर्देशों के अनुसार विकलांगों के अनुकूल हों। विकलांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के आधार पर परिभाषित किया गया है। विकलांगता के प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। अधिनियम में मानसिक बीमारी, आत्मकेंद्रित, स्पेक्ट्रम विकार, सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां, भाषण और भाषा विकलांगता, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, सिकल सेल रोग, बधिर सहित कई विकलांगताएं शामिल हैं। अंधापन, तेजाब हमले के पीड़ित और पार्किंसंस रोग जिन्हें पहले अधिनियम में काफी हद तक नजरअंदाज किया गया था। इसके अलावा, सरकार को निर्दिष्ट विकलांगता की किसी अन्य श्रेणी को अधिसूचित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

यह विकलांग लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में 3त्न से 4त्न और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3त्न से 5त्न तक आरक्षण की मात्रा बढ़ाता है। 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा। सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों को समावेशी शिक्षा प्रदान करनी होगी। सुलभ भारत अभियान के साथ सार्वजनिक भवनों में निर्धारित समय सीमा में पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए नियामक निकायों और शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे। विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक अलग राष्ट्रीय और राज्य कोष बनाया गया था।

सुलभ भारत अभियान, पीडब्ल्यूडी के लिए सुलभ वातावरण का निर्माण और सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्व्यापी प्रमुख अभियान जो विकलांग व्यक्तियों को समान अवसर तक पहुंच प्राप्त करने और स्वतंत्र रूप से जीने और एक समावेशी समाज में जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम करेगा। अभियान का लक्ष्य निर्मित पर्यावरण, परिवहन प्रणाली और सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र की पहुंच को बढ़ाना है। दीन दयाल विकलांग पुनर्वास योजना के तहत विकलांग व्यक्तियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जैसे विशेष स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, समुदाय आधारित पुनर्वास, पूर्व-विद्यालय और प्रारंभिक हस्तक्षेप आदि।

सहायक उपकरण की खरीद/फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों की सहायता- इस योजना का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को उनकी पहुंच के भीतर उपयुक्त, टिकाऊ, वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक उपकरण और उपकरण लाकर मदद करना है। इस योजना का उद्देश्य विकलांग छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों को बढ़ाना है। योजना के तहत, विकलांग छात्रों को प्रति वर्ष 200 फैलोशिप दी जाती है। ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-विकलांगता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट की योजनाएँ हैं।

बड़ी संख्या में विकलांगता को रोका जा सकता है, जिनमें जन्म के दौरान चिकित्सा संबंधी मुद्दों, मातृ स्थितियों, कुपोषण, साथ ही दुर्घटनाओं और चोटों से उत्पन्न होने वाली विकलांगताएं शामिल हैं। हालांकि, स्वास्थ्य क्षेत्र विशेष रूप से ग्रामीण भारत में विकलांगता के लिए सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करने में विफल रहा है, इसके अलावा उचित स्वास्थ्य देखभाल, सहायक उपकरण और उपकरणों तक सस्ती पहुंच की कमी है और पुनर्वास केंद्रों में खराब प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक और चिंता का विषय है।

हमारी शिक्षा प्रणाली समावेशी नहीं है। मामूली से मध्यम विकलांग बच्चों को नियमित स्कूलों में शामिल करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेष स्कूलों की उपलब्धता, स्कूलों तक पहुंच, प्रशिक्षित शिक्षकों और विकलांगों के लिए शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता जैसे कई मुद्दे हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थानों में विकलांगों के लिए आरक्षण कई मामलों में पूरा नहीं किया गया है, भले ही कई विकलांग वयस्क उत्पादक कार्य करने में सक्षम हैं, विकलांग वयस्कों के पास सामान्य जनसंख्या की तुलना में बहुत कम रोजगार दर है। निजी क्षेत्र में स्थिति और भी खराब है, जहां बहुत कम विकलांगों को रोजगार मिला हुआ है।

भवनों, परिवहन, सेवाओं तक पहुंच आदि में भौतिक पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। विकलांगों के परिवारों, और अक्सर स्वयं विकलांगों का नकारात्मक रवैया विकलांग व्यक्तियों को परिवार, समुदाय या कार्यबल में सक्रिय भाग लेने से रोकता है। विकलांग लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। मानसिक बीमारी या मानसिक मंदता से पीड़ित लोग सबसे खराब कलंक का सामना करते हैं और गंभीर सामाजिक बहिष्कार के अधीन हैं। कठोर और तुलनीय डेटा और स्टैटिक्स की कमी विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने में और बाधा डालती है।

डेटा संग्रह और अक्षमता को मापने के साथ प्रमुख मुद्दे हैं;विकलांगता को परिभाषित करना कठिन है। अलग-अलग उद्देश्यों के लिए अलग-अलग विकलांगता डेटा की आवश्यकता होती है अक्षमता को अक्षमता के रूप में रिपोर्ट करने में अनिच्छा को कई स्थानों/समाजों में एक कलंक माना जाता है। नीतियों और योजनाओं का खराब कार्यान्वयन विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने में बाधा डालता है। हालांकि विकलांगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न अधिनियमों और योजनाओं को निर्धारित किया गया है, लेकिन उन्हें लागू करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत करने की आवश्यकता है और सभी बच्चों की कम उम्र में जांच की जानी चाहिए। केरल ने पहले ही एक प्रारंभिक रोकथाम कार्यक्रम शुरू कर दिया है। व्यापक नवजात स्क्रीनिंग (सीएनएस) कार्यक्रम शिशुओं में कमियों की शीघ्र पहचान करने और राज्य की विकलांगता के बोझ को कम करने का प्रयास करता है। विकलांग लोगों को कलंक पर काबू पाने के द्वारा समाज में बेहतर ढंग से एकीकृत करने की आवश्यकता है विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के बारे में लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए लोगों में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए विकलांग लोगों की सफलता की कहानियों को प्रदर्शित किया जा सकता है।

विकलांग वयस्कों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। निजी क्षेत्र को उन्हें रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। अक्षमता के माप में सुधार करके भारत में विकलांगता के पैमाने को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा पर राज्यवार रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। विकलांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें नियमित स्कूलों में शामिल करने की सुविधा के लिए उचित शिक्षक प्रशिक्षण होना चाहिए। इसके अलावा और अधिक विशेष स्कूल होने चाहिए और विकलांग बच्चों के लिए शैक्षिक सामग्री सुनिश्चित करनी चाहिए। सड़क सुरक्षा, आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षा, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली आदि जैसे सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए इसके अलावा, भवनों को विकलांगों के अनुकूल बनाने के लिए इसे कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाया जाना चाहिए विकलांगों के कल्याण के लिए अधिक बजटीय आवंटन। लिंग बजट की तर्ज पर विकलांगता बजट होना चाहिए। योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उचित निगरानी तंत्र और सार्वजनिक धन की गिनती होनी चाहिए।

# आलेख-2024 - चुनाव की विसात


चुनावी बिसात बिछ रही है। पक्ष विपक्ष के राजनीतिज्ञ अपने-अपने दाव चलने शुरू कर दिए है। संपूर्ण घटनाक्रम पर जनता की भी पैनी नजर है। 2024 चुनाव का ऊंट किस करवट बैठता है यह देखना दिलचस्प होगा। लेकिन राजनीतिक दलों को परिणाम अपने पक्ष में लाने के लिए परिस्थितियों के आकलन और रणनीति के क्रियान्वयन में सावधानी की जरूरत है। भारतीय प्रजातंत्र काफी परिपक्व हो चुका है। जनता को चुनावी भाषणों के डंडे से भेड़-बकरियों की तरह हांकना अब संभव नहीं है। यह बात राजनीतिक दल भी समझ चुके हैं, जो दल समझने की कोशिश नहीं करेंगे उन्हें लगातार हाशिए पर जाना होगा। ऐसे में यह जोखिम कोई भी उठाने को तैयार नहीं है। सभी पार्टियों फूंक-फूंक कर कदम रख रही हैं। नए-नए पैंतरे आजमाए जा रहे हैं।

सभी क्षेत्रीय तथा राष्टीय पार्टियां 2024 की तैयारियों में जुट गई है। सत्तापक्ष फिर से वापसी के पैंतरे आजमा रही हैं तो विपक्ष के पास एक ही एजेंडा है, किसी भी प्रकार मोदी की पुनर्वापसी को रोका जाए। प्रजातंत्र में यह मुश्किल भी नहीं है। हमारे देश में इससे पहले भी सत्ता परिवर्तन होते रहे है। लेकिन वर्तमान में परिस्थितियां एक नए मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। सरकार विदेशों में भारत के प्रति बदलते दृष्टिकोण, सामरिक रूप से सशक्त भारत, आतंकवाद पर अपनी नकेल कसने, अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता, शासन में भ्रष्टाचार की कमी को अपनी उपलब्धियों के रूप में पेश करती हैं। दूसरी और विपक्ष, सरकार पर तानाशाही, प्रशासनिक तंत्र के बेजा उपयोग करने, उद्योगपतियों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाने के साथ ही महंगाई, बेरोजगारी के साथ किसान मुद्दा, शिक्षा स्वास्थ्य आदि विभिन्न स्तर पर नाकाम होने का आरोप लगा रही है।

आरोप-प्रत्यारोप प्रजातांत्रिक देशों में एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। पिछले कुछ दशक तक इस तरह के राजनीतिक प्रोपेगेंडा का जनता पर प्रभाव भी पड़ता था। लेकिन तकनीकी विकास विशेषकर 21 वी शताब्दी के मीडिया क्रांति के बाद, जनता की तर्कशील प्रवृत्ति बढ़ी है। वह स्वयं में विवेचना करती हैं; सत्तापक्ष से अपनी आशाओं की पूर्ति न होने के बाद उसके मन में वैकल्पिक तलाश की प्रवृत्ति जागृत होती है। लेकिन जब वह अपने विकल्पों पर विचार करती हैं तो उनके कथनी और करनी में फर्क प्रतीत होने लगता है। सरकार को विपक्ष द्वारा जिन मोर्चों पर घेरा जाता है, वह उन राज्यों में और भी भयानक स्थिति में है जहां विपक्षी पार्टियों की सरकारें हैं। तब जनता की हताशा बढ़ती है। वह अतीत और वर्तमान की तुलना करने लगता है। मानव प्रवृत्ति रही है कि कमियों की ओर उसका ध्यान जाता है, आजादी के बाद अतीत की कुछ कमियों को सरकार ने दूर करने का प्रयास किया जिसकी जनता अपेक्षा कर रही थी, विपक्ष द्वारा केवल सरकार के विरोध के नाम पर उन कार्यों का विरोध किया गया। जनता के एक बड़े वर्ग को यह अच्छा नहीं लगा। धारा 370, राम मंदिर, आतंकवाद के प्रति सख्त रवैया आदि उसी कड़ी में थे।

केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त हुई है। ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों की सक्रियता बढ़ी है। एक के बाद एक विपक्षी दलों पर कार्यवाही देखकर विपक्ष सत्ता पक्ष पर यह आरोप लगाने लगा है, उनके नेताओं पर यह कार्यवाही क्यों नहीं होती है? वास्तव में जांच की निष्पक्षता होनी चाहिए। इससे यह तो सिद्ध होता है कि सत्ता पक्ष में भी शायद कुछ भ्रष्टाचारी होंगे लेकिन इस तरह की दलीलों से विपक्ष अपनी साफ सुथरा छवि प्रस्तुत नहीं कर पाती, जबकि जांच के घेरे से बाहर रहने के कारण सत्ता पक्ष को इसका लाभ मिल जाता है। जनता अपनी सारी असुविधा के वावजूद सत्ता पक्ष को भ्रष्टाचार मुक्त और विपक्ष को विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त मानती है। सभाओं में, रैलियों में जितना भी भीड़ क्यों ना हो जनता का एक बड़ा वर्ग चुनाव में मतदान करते समय भ्रष्टाचार के मुद्दे को अपने दिमाग में रखता है। 21 वी शताब्दी के आरंभिक दशक में नए-नए घोटाले इजाद हुए आज फिर इसी तरह के कई नए नाम घोटालों की फेहरिस्त में सुनने को मिल रहे हैं। विपक्ष के सामने परिस्थिति असहज बनती जा रही है, वह सत्तापक्ष की घेराबंदी करें या अपने नेताओं पर लगे आरोपों की वकालत करें?

यह समस्या इतनी बड़ी भी नहीं है। लेकिन अधिकांश विपक्षी पार्टियों का जनाधार क्षेत्रीय है। उनके सामने क्षेत्रीय समस्याएं हैं, उनका वोट बैंक भी क्षेत्रीय आधार पर सीमित है। राष्ट्रीय राजनीति में उन्हें अपने क्षेत्रीय मुद्दों से समझौता करना पड़ सकता है, लेकिन कोई भी पार्टी इस जोखिम को उठाने के लिए तैयार नहीं। कांग्रेस का राष्ट्रीय जनाधार अवश्य है, लेकिन वह प्रयोग के दौर से गुजर रही है, इफेक्टिव बनने के चक्कर में उसने सिलेक्टिव होना छोड़ दिया है। विपरीत विचारधारा वाली पार्टियों के साथ उसके गठबंधन से कट्टर समर्थकों का एक वर्ग उससे दूर होता चला जा रहा है। विभिन्न पार्टियां जो अलग-अलग राज्यों में प्रभावी हैं उनके आपसी गठबंधन से एक दूसरे को लाभ भी नहीं मिलता है। वहां उनका जनाधार हीं नहीं है और जहां गठबंधन के दो या अधिक दलों का एक साथ जनाधार है वहां उनके वोट ट्रांसफर नहीं होते इसका सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश में समाजवादी और बहुजन समाज पार्टी के बीच के गठबंधन के रूप में देखा गया था। फिर एक सर्वमान्य नेता के चयन का प्रश्न है। सभी अपनी खिचड़ी पका रहे हैं। क्षेत्रीय अस्मिता है, जातिवाद की समस्या है, व्यक्तिगत राजनीतिक महत्वाकांक्षा, ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिसने चुनावी राजनीति को दिलचस्प बना दिया है।विपक्षी पार्टियों को धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठना होगा। वरना सत्तापक्ष अपना फील्ड सेट करें और विपक्ष अपना, ऐसे में मुद्दे प्रभावी नहीं रह जाएंगे। धर्म और जाति के आधार पर संभव है क्षेत्रीय आधार पर सफलताएं मिलती रहेंगी लेकिन राष्ट्रीय परिदृश्य उससे भिन्न होगा।



**अजय कुमार झा**
**तिरहुतिया**

# सुभाष घई ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में भारत का पहला ऑस्कर जीतने की खुशी में व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के पूर्व छात्रों को बधाई दी

**जीएनएस।** व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के पूर्व छात्र आनंद बंसल की डॉक्यूमेंट्री 'एलिफेंट व्हिस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में भारत के पहले ऑस्कर से सम्मानित किया गया है। इसके द्वारा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई की शानदार उपलब्धियों में नई उपलब्धि जुड़ गयी है ।

प्रतिष्ठित निर्देशक सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर सिनेमैटोग्राफी में अपने फिल्म स्कूल के पूर्व छात्र आनंद बंसल की सराहना की और साथ ही ऑस्कर में भारत की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। उन्होंने लिखा, व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के हमारे पूर्व छात्र आनंद बंसल ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। उनकी डॉक्यूमेंट्री #ELEPHANT WHISPERS के लिए #OSCAR AWARD जीतने की खुशी में और फिल्म की सिनेमैटोग्राफी में उनके योगदान के लिए मेरी तरफ से हार्दिक बधाई। यह आशीर्वाद आप पर बना रहे और आप नए मुकाम हासिल करते रहें।

सुभाष घई ने पूरे देश को सम्मानित करने के लिए एलिफेंट व्हिस्पर्स के प्रोड्यूसर्स, डायरेक्टर और पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही अपने एक अन्य पूर्व छात्र एकेश्वर चौधरी को भी बधाई दी, जिन्होंने इस फिल्म में एसोसिएट एडिटर के रूप में काम किया है। उन्होंने कैंपस में शानदार एस्थेटिक्स और क्राफ्ट्स के साथ कुशल युवा प्रतिभाओं के सृजन के लिए सिनेमैटोग्राफी और व्हिस्लिंग वुड्स की सम्मानित फैकल्टी की विशेष तौर पर प्रशंसा की और बधाई दी। सुभाष घई ने डीन और मैनेजमेंट की भी सराहना की। साथ ही उन्होंने इस तथ्य पर ज़ोर देते हुए कहा, उचित प्रशिक्षण, उचित स्कूली शिक्षा और माहौल न सिर्फ एक व्यापक दृष्टिकोण देते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपको अनूठी पहचान देने का काम भी करते हैं। मैं यकीन से कह सकता हूँ कि हमारे व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के अन्य छात्र भी अपनी उत्कृष्टता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएँगे। दोनों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई। आनंद और ऐकेश्वर, हमें तुम पर गर्व है, खूब सफलता हासिल करो।

एक कुशल डायरेक्टर-प्रोड्यूसर के रूप में सुभाष घई वर्ष 2023 में कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जिनकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। एक तथ्य यह भी है कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी मुक्ता आर्ट्स ने दूरदर्शन के लिए 'जानकी'नाम से अपने पहले टेलीविज़न प्रोडक्शन की शुरुआत की है। इसके अतिरिक्त, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के रूप में सुभाष घई बड़े पर्दे के लिए एक 'एक्शन ड्रामा' प्रोजेक्ट पर काम करने जा रहे हैं। इसकी स्टार कास्ट की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन अगस्त 2023 के मध्य में इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है।

## गज़ल

*बंदिशे जहॉं भी लगी हुई है*
*तरक्की वहॉं की रुकी हुई है*

*शह और मात के खेल से यहॉं*
*सारी व्यवस्था बिगड़ी हुई है*

*सोच में आवे कैसे बदलाव*
*उस पर तो काई जमी हुई है*

*सियासत में आमजन की यारों*
*हर आवाज यहॉं दबी हुई है*

*अब निकले तो कैसे निकले ये*
*कश्ती तूफां में फंसी हुई है*

*आ गया ज़रा सा जलजला क्या*
*हाहाकार यहॉं मची हुई है*

*रमेश से क्या हो गई है गलती*
*उसी पे ऊॅंगलियॉं उठी हुई है*



**-रमेश मनोहरा**

## गौरेया का जोड़ा

*एक छोटी - सी प्यारी - सी गौरेया का जोड़ा ।*
*तड़के उठकर , ची ची करके शोर मचाती।*
*कभी वो छत की मुंडेर पर बड़ी शान से टहलती।*
*कभी आंगन , कभी बाग बगीचा और कभी*
*गलियारे में मटक मटक कर फुदकती।*
*मेरे ही घर के एक कोने में,था उसका सुंदर बसेरा ।*
*जहां वह अपने बच्चों के संग,गृहस्थी अपनी बसाकर रखी थी।*
*देख कर उसे आंगन में जब भी मैं उसे पकड़ने जाता*
*वह कभी छत पर, कभी पेड़ की ऊंची डाली पर ,*
*और कभी मुडेर पर चली जाती ।*
*जैसे वह मुझसे कर रही हो पकड़म पकड़ाई ।*
*पर आज मेरा घर आंगन , गौरेया का जोड़े बिना सुना सुना है ।*
*ना जाने क्या हुई खता हुई मुझसे , जो मुझे छोड़ चली गई हो।*
*नन्ही गौरेया फिर से अपने परिजनों के संग मेरे आंगन में आओ।*
*फुदक फुदक कर मेरे आंगन की शोभा फिर से बढ़ाओ।*


**-सुशीला कुमारी**



## भावनानी के भाव

## हमें शक्तिशाली राष्ट्रीय अभियान चलाना है

*प्राकृतिक संसाधनों को बचाना है*
*प्राचीन संस्कृति का युवाओं में प्रसार करना है*
*विश्व में भारत का नंबर वन बनाना है*
*आत्मनिर्भर भारत करने हर उपचार अपनाना है*
*भारत में उत्पादित चीजें अपनाना है*
*इसी अस्त्र से विश्व राजा का ताज़ पहना है*
*स्टार्टअप इनोवेशन को आगे बढ़ाना है*
*हमें शक्तिशाली राष्ट्रीय अभियान चलाना है*
*सर्वशक्तिमान मनीषियों को चेताना है*
*हमें अपनी नदियों तालाबों को तात्कालिक*
*जीवनदायिनी भावना से बचाना है*
*चिर परिचित भारतीय संस्कृति को अपनाना है*
*नदियों तालाबों को सदैव ही उनकी*
*जीवनदायिनी शक्ति के लिए सम्मानित किया है*
*उस सम्मान को हम मनुष्यों ने*
*जी तोड़ कोशिश कर बचाना है*
*शहरीकरण और औद्योगीकरण है कारण इसका*
*आधुनिकीकरण और लालच ने सभ गंवाया है*
*इकोसिस्टम को नष्ट करके*
*मानवीय सुखचैन सभ गंवाया है*



**एडवोकेट किशन**
**सनमुखदास भावनानी**

## नव संवत्सर मनाते है


*आओ हिन्दू नव संवत्सर का स्वागत करें,*
*हमारी सनातनी परम्परा की और वापसी करें,*
*घर में सभी लोग भगवान की आराधना करें*
*सूर्य की पहली किरण के साथ शुरुआत करें ।*
*नव पिढ़ी को इस हेतु तैयार करें,*
*उन्हें हमारी धर्म संस्कृति से अवगत करें,*
*अच्छे ठंग से उनको संस्कारित करें,*
*ताकि वे सनातनी पद्दति को स्वीकार करें ।*
*हमारी नवपीढ़ी को यह बताना है , उन्हें समझाना है,*
*ब्रम्हाजी ने आज के दिन श्रष्टि की रचना की थी,*
*राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत्सर प्रारम्भ किया था,*
*राम भगवान ,राजा युधिष्टिर का राज्याभिषेक हुआ था,*
*मत्स्य अवतार तो भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था,*
*राजा बाली का वध तो आर्य समाज की स्थापना हुई थी ,*
*पारसी नवरोज तो गुरु अंगद देव का जन्म हुआ था,*
*ये सब बताना है , नव वर्ष पारंपरिक रूप से मनाना है,।*
*यह वसंत ऋतु होती है, प्रकृति में सुंदरता छा जाती है,*
*चैत्र नवरात्र भी होती है,गर्मी की शुरुआत होती है,*
*खेतो में फ़सल आती है,लोगो में खुशहाली छाती है।*
*घर घर भगवा फहराते है,वंदन वार भी लगाते है,*
*शक्ति पर्व के रूप में भी मनाते है,*
*सनातनी धर्म को निभाते है,*
*चलो नव वर्ष का स्वागत करते है,*
*हिन्दू नवसवत्सर 2080 मनाते है ।*

**-डॉ.संजय कुमार मालवी**
**(आदर्श)**



## दान से दान -[ लघुकथा ]

*यह सही कहावत है कि जिसके पास जितनी धन-दौलत होता है वह उतना ही मन से गरीब होता जाता है। यही बात मुहल्ले के एक रसूकदार नवीन और उनके परिवार के लोगों के बीच देखने को मिला। मिसेज नवीन तो नवीन बाबू से भी बीस निकली। अक्सर जाड़े के मौसम में घर के सेवकों के द्वारा पूराने वस्त्रों की मांग की जाती है।*
*वैसे तो मोहल्ले में परम्परा है कि होली और दशहरा पर लोग अपनी महरी और घर के सेवकों को नया वस्त्र और मिठाईयां देने का रिवाज है, परन्तु नवीन बाबू के परिवार में यह प्रथा आज़ तक प्रारंभ नहीं हुआ है।*
*हां यह सच है कि ईश्वर की कृपा से धन धान्य से परिपूर्ण है परन्तु पैसे की भूख पैंसठ वर्षों के बाद भी खत्म नहीं हुई है।*
*फिर एक सेवक को ठंड से बचने के लिए ऊनी वस्त्रों की जरूरत पड़ी।*
*बड़े अनुरोध करने पर मिसेज नवीन ने हां तो कह दी परन्तु पैसे खर्च नहीं करना चाहतीं थीं।*
*फिर अपने पुराने व्यवसाय के महिला साथी की याद आई।*
*फिर एक दिन फ़ोन पर ही अपने सेवक के अनुरोध को अपनी व्यवसाय से जुड़ी मिसेज शाक्य को अपने पुत्र के पूराने वस्त्रों को देने का अनुरोध कर दी।*
*पहले तो मिसेज शाक्य सकपकाईं परन्तु मिसेज नवीन की कारगुजारी से पहले से ही परिचित थीं और हां कर दी।*
*मिसेज शाक्य के हां करते ही वह अपने पति के साथ संध्या बेला में चाय पीने की इच्छा जताई और उसी बहाने पूराने ऊनी कपड़े*
*अपने सेवक के लिए लें गयी।*
*एक दिन तो मिसेज नवीन ने हद ही कर दी।*
*सेवक रामू के बेसमेंट वाले कमरे में फटे चिथड़े चादर था। अक्सर*
*एपार्टमेंट के लोग रामू को चिढ़ाते भी रहते थे।*
*फिर एक दिन रामू ने बड़े ही अनोखे अंदाज में अनुरोध करते हुए मिसेज नवीन से अपनी पुरानी चौकी पर बिछाने के लिए एक पूराने चादर की मांग कर दिया।*
*मिसेज नवीन के पति वहीं आसपास खड़े थे।*
*दोनों एक दूसरे का मुंह ताकने लगे, फिर मिस्टर नवीन ने मिसेज शाक्य से बात कर आपको पूराने चादर की जुगाड़ करना चाहिए।*
*मिस्टर नवीन ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में यह कह कर चल दिए कि देखो सीमा तुम्हारी बात वह नहीं उठाएंगी।*
*मिसेज शाक्य ज़रूर कोई उपाय करेंगी।*
*फिर पति नवीन के इस विश्वास पर सीमा ने तुरंत मिसेज शाक्य को फ़ोन लगा दी।*
*फिर घर परिवार की बातें की औपचारिकता पूरी करते हुए ही उसने अपने सेवक की दूसरी मांग से मिसेज शाक्य को अवगत कराते हुए वहीं पूरानी बातों को गौर करने के लिए मिसेज शाक्य को मजबूर कर दीं।*
*अब पूराने सम्बन्धों को दृष्टिगत रखते हुए मिसेज नवीन की फरमाइश पूरी कर दी।*
*आज़ मिसेज शाक्य मिसेज मल्होत्रा और मिसेज परमार के साथ*
*मेरे घर पर थी।*
*यह कहानी सुनकर हम तीनों अवाक थे और दान से दान की इस नई परम्परा को शुरू होता देखकर हम तीनों की हंसी के फुहारे बन्द होने का नाम नहीं ले रही थी।*
*दान से दान की यह शुरुआत आज़ मोहल्ले की सुर्खियां बनी हुई है।*



***-डॉ. अशोक, पटना,बिहार।***

## विधवा विलाप

*कायरों वैध्वयता का जितना लाभ लिए हो*
*उस पर तो शर्मिंदगी महसूस करो,*
*जातिय, धार्मिक लालच है तो डूब मरो,*
*बिना विधवा हुए कौन विलाप करता है,*
*कभी देखा है कि संगीत न सीखने वाला*
*दिन भर लगातार आलाप करता है,*
*विलाप का दूसरा पक्ष वैधव्यता ही है*
*क्यों भूल जाते हो,*
*शर्म न करके*
*सांस्कृतिक प्रलाप मचाते हो,*
*खुद से न गलती कर भी*
*शापित जिंदगी जीतीं हैं विधवाएं,*
*क्या उनमें नहीं है संभावनाएं,*
*तुम्हारे प्रचलनों में*
*तुम्हारे आदर्श का किया विलाप भी*
*विधवा विलाप ही था,*
*क्या कभी ऐसा कोई काम किये हो*
*जो सचमुच पश्चाताप था,*
*विलाप हर कोई करता है,*
*खुद के दुख से सब सिहरता है,*
*उनके मुश्किलों पर,*
*परेशानियों पर,*
*उन पर हुए ज्यादतियों पर,*
*खुलकर बात होने चाहिए,*
*लादे गए परंपराओं का*
*मुखलफ़ात होने चाहिए,*
*लोगों में, नियमों में, परंपराओं में*
*भरपूर मानवीय जज्बात होने चाहिए।*

***-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.***

## जिंदगी एक जंग है

*जिंदगी एक जंग है,मुकाबला तो करना पड़ेगा*
*मुशीबत भी यहाँ आएंगे,उनसे निपटना पड़ेगा।*
*खुशियों के लिए दर्द का अहसास करना पड़ेगा*
*लाखों दर्द दीवार आएंगे उसको झेलना पड़ेगा।*
*जिंदगी एक चुनौती है, स्वीकार करना पड़ेगा*
*चुनौती में ही चमत्कार है यह समझना पड़ेगा।*
*खुशियाँ यूँ ही नहीं आती, कुछ खपना पड़ेगा*
*कुंदन बनने के लिए,तो आग मे तपना पड़ेगा।*
*कुछ पाने के लिए, कुछ न कुछ खोना पड़ेगा*
*अभी न सही,कभी तो प्रारम्भ करना पड़ेगा।*
*जिंदगी के लिए, जिद बरकरार रखना पड़ेगा*
*हौसलों से हालात बदलेंगे यकीं करना पड़ेगा।*

***-अशोक पटेल आशु***



## खुदको भुलाया होगा

*हमारी मोहोब्बत का किस्सा मशहूर होगा।*
*थोड़ा थोड़ा तेरा और थोड़ा मेरा कसूर होगा।*
*दीवानगी का एक अलग ही सुरूर होगा एक*
*दूजे की आँखों में हमारा प्यार भरपूर होगा।*
*दुनियाँ में चाँद सितारों की तो बात अलग हैं*
*लेकिन एक दिन तू उनसे भी मेरे करीब होगा।*
*जब मन चाहें तेरा सवरने का तब तेरे घर के*
*आइनो में भी हमारे साए का हक होगा।*
*तुम्हें देखने में इतने मशगुल हो गए की एक*
*दिन तुम्हें देखने को खुद को भी भुलाया होगा।*

***- निक राजपूत***

# सफरनामा- जुक जुक हेरिटेज रेलगाड़ी ...

किसी भी यात्रा पर निकलते समय मन में हमेशा घूमने की जगह से लेकर एक आकर्षण होता है। वहाँ क्या देखना है, प्राकृतिक सुंदरता, पर्यटकों के आकर्षण के बारे में जिज्ञासा, आकर्षण और कुछ अपेक्षाएँ रहती हैं; लेकिन कई बार वहां का सफर मंजिल से भी ज्यादा उत्कठांवर्धक और रोमांचकारी होता है। कहा भी गया है कि - %द जर्नी इज द डेस्टिनेशन!% तो फिर चलते हैं एक अनोखी यात्रा पर जहां यात्रा ही पर्यटन स्थल है। हमारे भारत में कुछ स्थानों की यात्रा का साधन इतना अद्भुत है कि वास्तव में अनुभव करने के बाद ऐसा लगता है कि %वह यात्रा सुंदर थी%। हम यह अनुभव ब्रिटिश सरकार के कारण ले सकते हैं! क्योंकि आजादी से पहले के अंग्रेज शासक इस देश की गर्म हवा से इतने सहमे हुए थे कि गोरा साहब गर्मियों में अपनी आत्मा को शीतल करने के लिए भारत के पहाड़ों में शरण लेने लगे। और उसी से हिल स्टेशनों यानी गिरिस्थानों का निर्माण हुआ। इन पहाड़ियों की चोटियों पर बने ग्रीष्म आश्रयों में जाने के लिए अंग्रेज़ भारतीय रेलगाड़ियों को पहाड़ी के ऊपर ले गए और एक छोटे से खिलौने की तरह लेकिन शक्तिशाली जुक-जुक रेलगाडी कभी हवा में धुएँ की रेखाएँ उगलती सिमला की ओर, और कभी-कभी यह दार्जिलिंग के रास्ते पर चलती रही। गोरा साहब तो चले गए, लेकिन उन्होंने जो %टॉय ट्रेन% शुरू की, वह आज भी पहाड़ियों से होकर भारतीय पर्यटन को एक अनूठा आयाम दे रही है। हेरिटेज रेलवे का सम्मान प्राप्त इस ट्रेन से आज विदेशी पर्यटक भी सफर करने को विवश हैं।

पश्चिम बंगाल का एक लोकप्रिय हिल स्टेशन, दार्जिलिंग आज अपने चाय बागानों के लिए जाना जाता है;लेकिन 1835 में दार्जिलिंग, जिसे सिक्किम से अलग कर दिया गया था, को तत्कालीन ईस्ट इंडिया कंपनी ने कंपनी के विकलांग सैनिकों के लिए एक आरोग्यधाम (सेनेटोरियम) के रूप में चुना था। बाद में 1839 में दार्जिलिंग को समर रिसॉर्ट के रूप में नियोजित किया गया और बसावट बढ़ा दी गई। सिलीगुड़ी से दार्जिलिंग तक की सड़क भी तब बनी थी। बाद में, दार्जिलिंग से चाय का निर्यात करने और उचित मूल्य पर दार्जिलिंग को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए रेलवे लाइन की आवश्यकता महसूस की गई। 1881 में दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे कंपनी नाम की एक कंपनी की स्थापना हुई और इस कंपनी ने सिलीगुड़ी से दार्जिलिंग के बीच टॉय ट्रेन शुरू की। अपने पहले साल में इस रेलवे ने आठ हजार यात्रियों को ढोया और 380 टन माल का परिवहन किया। इस रेलवे लाइन की एक विशेषता यह है कि ट्रेन के इंजन के लिए खड़ी ढाल पर चढ़ना आसान बनाने के लिए लूप और अंग्रेजी '- आकार के रिवर्स का निर्माण लाइन पर किया गया है। इनमें से सबसे प्रसिद्ध %बतासिया लूप% है, जो दार्जिलिंग शहर से पांच किमी पहले एक गोलाकार लूप है। भारतीय सेना के गोरखा रेजिमेंट के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस स्थान पर एक राष्ट्रीय स्मारक बनाया गया है। इसके चारों ओर एक सुंदर पार्क बनाया गया है। इस जगह से फैले दार्जिलिंग के मनमोहक दृश्य के साथ-साथ दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी %कंचनजंगा% का भी नजारा देखने को मिलता है। दार्जिलिंग के हेरिटेज रेलवे की एक खास बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 55 इस रेलवे लाइन के समानांतर चलता है। हिंदी फिल्म %आराधना% के लोकप्रिय गीत %मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू% ने दार्जिलिंग की टॉय ट्रेन को प्रसिद्ध बना दिया। उसके बाद ये जुक जुक रेलगाड़ी %राजू बन गया जेंटलमैन%, परिणीता, %बर्फी% जैसी फिल्मों में भी नजर आई। इस टॉय ट्रेन के लिए बागडोगरा एयरपोर्ट से डेढ़ घंटे में जलपाईगुड़ी पहुंचा जा सकता है और कोलकाता से ट्रेन से आने का भी विकल्प है।

दार्जिलिंग को सिक्किम का प्रवेश द्वार कहा जाता है।इसलिए कलिम्पोंग, गंगटोक, लाचुंग, पेलिंग, नामची के लिए आपको दार्जिलिंग पहुंचना होगा, लेकिन हाल ही में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण इस मौसम में दार्जिलिंग शहर में थोड़ी अधिक भीड़ होती है। इसलिए %मिरिक% में रुकें जो दार्जिलिंग से ज्यादा करीब है। दार्जिलिंग से मात्र 50 किमी दूर मिरिक का मुख्य आकर्षण इसकी सुरम्य झील है। मिरिक में संतरे के बाग और इलायची के बागान देखे जा सकते हैं, जो समुद्र तल से पांच हजार फीट ऊपर है। मिरिक का सारा जीवन %सुमेंदु लेक% झील में केंद्रित है। कोई भी इस झील में नौका विहार कर सकता है जिसका विस्तार लगभग साढ़े तीन किमी है और कोई भी घोड़े की पीठ पर बैठकर झील के चारों ओर सवारी कर सकता है। मौसम साफ होने पर इस झील के पानी में कंचनजंगा की बर्फीली चोटी का अद्भुत प्रतिबिंब दिखाई देता है। पूर्व में आसपास के गांवों और चाय बागानों के लोगों के लिए यह बाजार स्थल के रूप में जाना जाता था, अब यह मिरिक का बाजार पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। इसके साथ ही नेपाल की सीमा से लगे मिरिक के पास %पशुपति मार्केट% भी देखने लायक है। टिंगलिंग व्यू पॉइंट, सनराइज पॉइंट, बोकार मोनेस्ट्री जैसी जगहें मिरिक को रंगीन बना देती हैं।

भारत के पूर्वी कोने में एक ट्रेन स्थापित करने के बाद, ब्रिटिश सरकार ने अपना ध्यान दक्षिण भारत में नीलगिरी पर्वत श्रृंखला की ओर लगाया। सदाबहार जंगलों से आच्छादित, इस पर्वत श्रृंखला में कुन्नूर और उदकमंडलम (अर्थात् ऊटी) जैसे हिल स्टेशन हैं। लेकिन यह रेल, जो 1854 में प्रस्तावित की गई थी, वास्तव में लगभग 45 वर्षों के बाद बनकर तैयार हुई। जब इस पर्वतीय रेलवे ने 1899 में अपनी यात्रा शुरू की थी, तो यह केवल मेट्टुपालयम से कुन्नूर तक चलती थी। बाद में, वर्ष 1908 से, यह उदकमंडलम तक चलने लगी। जुक जुक ट्रेन मेट्टुपालयम से उदकमंडलम तक अपने 26 किलोमीटर के मार्ग पर 16 सुरंगों से होकर गुजरती है और 250 पुलों को पार करती है। स्वतंत्रता-पूर्व काल के दौरान, जब यह मद्रास रेलवे द्वारा संचालित किया जाता था, तो इसके लिए उपयोग किए जाने वाले भाप के इंजन एक स्विस कंपनी से खरीदे गए थे। इस ट्रेन का सफर पहले स्टेशन कल्लर से दोनों तरफ फैले केले और सुपारी के बागानों से शुरू होता है। यात्रा पहाड़ी घाटियों से शुरू होती है और बाहर के दृश्य आपकी आंखों को भाते हैं। कुन्नू तक भाप इंजन और आगे डीजल इंजन ऐसा विभाजन किया गया है। जब इंजन को कुन्नूर में बदला जा रहा हो तो मसालेदार प्याज समोसा, गरमा गरम परुप्पु वडाई (दाल वडाई) और मसाला चाय का स्वाद लेना न भूलें। नीलगिरी के प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित करने वाली यह ट्रेन %दिल से% के %छैंया छैंया% गाने से सुर्खियों में आई थी। मेट्टुपलयम रेलवे स्टेशन पर संग्रहालय देखना न भूलें। यह संग्रहालय पुरानी तस्वीरों, मॉडलों के माध्यम से नीलगिरी माउंटेन रेलवे के इतिहास को संजोए हुए है। मेट्टुपालयम का निकटतम हवाई अड्डा और प्रमुख शहर कोयम्बटूर है।

हालांकि नीलगिरि माउंटेन रेलवे उदकमंडलम यानी ऊटी तक जाती है, लेकिन उससे पहले कुन्नूर वास्तव में अत्यधिक व्यवसायिक ऊटी की तुलना में छुट्टी का आनंद लेने के लिए एक बेहतर जगह है। 6,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित कुन्नूर चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। मूल रूप से स्थानीय टोडा जनजाति की एक छोटी सी बस्ती, कुन्नूर को ईस्ट इंडिया कंपनी के जॉन सुलिवन द्वारा अंग्रेजों के ध्यान में लाया गया, जिन्होंने इसे कूलिंग रिसॉर्ट के रूप में विकसित किया। कुन्नूर दो स्तरों, ऊपरी और निचले में विभाजित है। एक शांत, आरामदायक रिहाइश के लिए ऊपरी भाग को चुनें। कुन्नूर का हरा-भरा आकर्षण 'सिम्स पार्क' है, जो 30 एकड़ भूमि में फैला एक बोटॅनिकल गार्डन है। यहां रुद्राक्ष से लेकर दालचीनी तक विभिन्न प्रकार के पेड़ पाए जाते हैं। सिम्स पार्क में हर साल मई में एक प्रसिद्ध फल और सब्जी उत्सव आयोजित किया जाता है। कुन्नूर के निकट ऐतिहासिक 'द्रुग्चा किला' है। टीपू सुल्तान ने निगरानी के लिए यहां एक ठाणे की स्थापना की थी। अब केवल घंटाघर ही बचा है। स्थानीय पौराणिक कथाओं के अनुसार महाभारत का बकासुर यहां रहा करता था, इसलिए इस स्थान को 'बकासुर मलाई' के नाम से भी जाना जाता है।

कुन्नूर के पास (12 किमी) डॉल्फिन्स नोज व्यू प्वाइंट पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय है। इस पहाड़ी से कुन्नूर क्षेत्र के मनोरम दृश्य का आनंद लिया जा सकता है। इस जगह से झरने 'कैथरीन फॉल्स% को भी देखा जा सकता है। बेशक इस तरह दूर से दर्शन करने से मन नहीं भरता। फिर आपको झरने (फॉल्स) के दर्शन करने होंगे। कोट्टागिरी में कॉफी की खेती शुरू करने वाले एम.डी. कॉकबर्न की पत्नी कैथरीन के नाम पर झरने का नाम रखा गया है। आप कुन्नूर में रहकर ऊटी की यात्रा कर सकते हैं, इस प्रकार ऊटी की भीड़-भाड़ से बचकर वहाँ दर्शनीय स्थलों का आनंद ले सकते हैं।

नीलगिरी की पहाड़ियों में पहाड़ी रेलवे शुरू करने के बाद अंग्रेज़ों ने अपने कूच को अपने प्रिय शिमला की ओर मोड़ दिया। 1816 की संधि के कारण शिमला नेपाल से ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण में आ गया। उसके बाद 1864 से दिल्ली की साहब की सरकार ने शिमला को 'ग्रीष्मकालीन राजधानी' का दर्जा देकर हर गर्मियों में वहां डेरा डालना शुरू कर दिया। इसलिए, इस ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए सीधी ट्रेन सेवा की आवश्यकता का विषय बन गया। दिल्ली से कालका ब्रॉड गेज रेलवे 1891 में शुरू किया गया था। फिर अगली रेल लाइन का सर्वे हुआ और फिर काम शुरू हुआ। कालका-शिमला रेलवे लाइन का उद्घाटन 9 नवंबर 1903 को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन ने किया था। पिछले 120 सालों से यह माउंटेन रेलवे छोटी-छोटी पटरियों पर चल रही है और हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता को दिखा रही है। रेलवे में मूल रूप से 107 सुरंगें थीं, जिनमें से 102 आज उपयोग में हैं। इनमें सबसे बड़ी (3 हजार 752 फीट) 'बड़ोग टनल' है। इसके बारे में एक लोक कथा कही जाती है। इस सुरंग को खोदने वाले इंजीनियर कर्नल बरोग ने इस सुरंग को दोनों ओर से एक साथ खोदना शुरू किया था। लेकिन कुछ गलत हो गया और दोनों छोर नहीं मिले। इसके लिए उन पर सांकेतिक रूप से एक रुपये का जुर्माना लगाया गया, लेकिन निराश होकर कर्नल बरोग ने उसी आधी सुरंग में आत्महत्या कर ली। बाद में चीफ इंजीनियर हार्लिंगटन ने भालकू नाम के साधु की मदद से इस सुरंग को पूरा किया। शिमला जाते समय इस ट्रेन का सफर 2,152 फीट से शुरू होकर 6,118 फीट पर रुकता है। इस रेलवे मार्ग पर कुल 864 पुल हैं, जिनमें से पुल संख्या 226 और 541 अपनी बहु-स्तरीय संरचना के कारण सबसे अलग हैं।

यह भारत का इकलौता हेरिटेज रेलवे है जो सर्दियों में होने वाली बर्फबारी में भी चलता है। चारों तरफ फैली बर्फ की सफेद चादर और बर्फ को कुचलने के लिए इंजन के सामने लगा स्नो कटर एक अनोखा नजारा है। 1930 में महात्मा गांधी ने लॉर्ड इरविन से मिलने जाते समय इसी ट्रेन से यात्रा की थी।



# महाकाल दर्शन को आए यात्रियों से पिस्टल की नोक पर नकाबपोश बदमाशों ने होटल में की लूट








**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल दर्शन के लिए आए दिल्ली एवं विदिशा के यात्रियों से महाकाल थाना क्षेत्र के इंदौर गेट स्थित होटल में रविवार तडके लूट हुई है। 3 नकाबपोश बदमाशों ने मैनेजर को बंधक बनाकर रूम सर्विस के नाम पर कमरे खुलवाए और लूट को अंजाम दिया है।सीएसपी ओपी मिश्रा के अनुसार आरोपियों का रेलवे स्टेशन से होटल तक आना एवं वापस जाना स्पष्ट हुआ है।पुलिस आरोपियों की तलाश में जूटी है।

शनिवार को दिल्ली और विदिशा के दो अलग-अलग परिवार महाकाल दर्शन करने आए परिवार इंदौर गेट क्षेत्र स्थित निजी होटल में ठहरे थे। रविवार तड़के तीन नकाबपोश बदमाशों ने पहले होटल के मैनेजर कुंदन को पिस्टल और चाकू की नोक पर बंधक बना उसके हाथ बांध दिए । इसके बाद उसे चाकू और पिस्तौल अड़ाकर सबसे पहले रूम नंबर 205 में ले गए इस कमरे में विदिशा निवासी चंद्रेश उनकी पत्नी पूजा और एक अन्य रिश्तेदार थे। यहां पहुंचकर आरोपियों ने दरवाजा खटखटाया। भीतर से पूछने पर बताया कि रूम सर्विस है।चंद्रेश के दरवाजा खोलते ही बदमाशों ने चाकू-पिस्तौल दिखाकर सोने की चेन, टॉप्स और अंगूठी एवं 10 हजार रूपए लूट लिए। घटना के बाद बदमाशों ने कमरा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद लूट के लिए रूम नंबर 101 में पहुंचे।

वहां भी रूम सर्विस का हवाला देकर दरवाजा खुलवाया ।इस कमरे में दिल्ली निवासी सुनील कुमार और उनकी बेटी शिवांगी रूके हुए थे। बदमाश इनसे सोने की चेन, कान की बाली और 9 हजार रुपए नकद लूट कर ले गए हैं। घटना को अंजाम देने के बाद इस कमरे को भी बाहर से बंद कर दिया गया। होटल कर्मचारी कुंदन को भीतर धकेलकर होटल का मेन गेट बंद कर दिया। किसी तरह से कर्मचारी कुंदन ने अपने आप को मुक्त किया और होटल मालिक के साथ अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी। सीएसपी मिश्रा के अनुसार होटल कलश के मैनेजर कुंदन निवासी बसंत विहार ने बताया कि तड़के तीन बजे वह काउंटर पर सोया हुआ था तभी तीन बदमाश आए और उसे उठाया इसके बाद खाली कमरों की जानकारी ली। उसे चाकू और पिस्तौल दिखाकर डराया। हाथों को पीछे कर बांध दिया।

## सबसे पहले कांटे डीवीआर के कार

मैनेजर कुंदन ने बताया कि बदमाशों ने सबसे पहले उसे बंधक बनाकर हाथ बांध दिए थे इसके बाद उन्होंने डीवीआर के तार काटे। उसके बाद ऊपरी मंजिल पर गए थे। एक बदमाश के हाथ में देसी कट्टा था दूसरे ने चाकू खोल कर रखा था। तीसरे बदमाश ने लूटपाट को अंजाम दिया है। कमरों में जाने के बाद बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी होना बताकर सामान की तलाशी लेना शुरू कर दिया था।

## रेलवे स्टेशन की ओर से आए थे बदमाश

वारदात के बाद पुलिस होटल कलश पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो पता चला कि बदमाश रेलवे स्टेशन की ओर से पैदल आए थे और वारदात के बाद होटल के सामने से गुजर रही ई-रिक्शा को रोककर उसमें सवार होकर भागे है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## 2 थानों की पहुंची थी पुलिस

होटल में लूटपाट की वारदात होने के बाद देवास गेट और महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मामले की जानकारी लगने पर एसपी सतेंद्र कुमार शुक्ल, एएसपी अभिषेक आनंद, सीएसपी ओपी मिश्रा सहित पुलिस की साइबर और क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

# जमीन को लेकर चल रहे विवाद में युवक ने दूसरे को चाकू मारी

**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेत की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। घायल युवक के रिश्तेदारों ने चाकू मारने वाले को पकड़ लिया और कमरे में बंद कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया है।

बडनगर थाना क्षेत्र के संजना पार्क के पास खेत की जमीन को लेकर हेमंत पिता रामेश्वर चावड़ा निवासी रामगढ़ कालोनी और रौनक उर्फ मोंटू पित राजकुमार गोखरु महाराणा प्रताप चौक के बीच विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर रौनक ने हेमंत पर चाकू से वार कर दिया। हेमंत के घायल होने पर उसके साथियों ने रौनक का पकड़ा और खेत पर बने कमरे में बंद कर मारपीट की। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने लाया गया। हेमंत ने शिकायत दर्ज कराई कि वह खेत पर पहुंचा तो रौनक कमरे में था, उसे देख भागने लगा उसे रोकने का प्रयास किया तो चाकू मार दिये। वहीं रौनक ने शिकायत दर्ज कराई कि खेत पर जाने के रास्ते पर अपना हक जता रहा था तभी हेमंत और उसके साथियों ने पकड़ लिया और खसीटते हुए खेत पर बने कमरे में बंद कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। टीआई मनीष मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर न्यायालय में मामला चल रहा है। दोनों जमीन पर अपना हक जता रहे है। जिसके चलते विवाद होना सामने आया है।

# भूखीमाता मार्ग पर पलटी बस, 25 से अधिक यात्री घायल

**उज्जैन। रात 11 बजे उज्जैन से राजकोट के लिये रवाना हुई यात्रियों से भरी बस भूखी माता मार्ग पर अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई। 25 से अधिक यात्रियों के घायल होने पर जिला अस्पताल लाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर एएसपी अभिषेक आनंद, सीएसपी ओपी मिश्रा जिला अस्पताल पहुंच गये थे। दुर्घटनास्थल पर महाकाल पुलिस की टीम मौजूद थी।**

बताया जा रहा है कि इंदौर से राजकोट के बीच चलने वाली एसएन ट्रेवल्स की स्लीपर बस रात 10.30 बजे उज्जैन पहुंची थी। यहां से यात्रियों को बैठाने के बाद इंदौर के लिये रवाना हुई। बस चिंतामण ब्रिज की ओर भूखी माता मार्ग से गुजरते समय एकाएक अनियंत्रित हो गई और पलटी खा गई। बस के चारों पहिये ऊपर हो चुके थे। दुर्घटना होते ही यात्रियों में चिल्ला-पुकार मच गई। बस पलटने की सूचना मिलते ही महाकाल थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस की कतार दुर्घटनास्थल पर लग गई। पुलिस ने लोगों की मदद से यात्रियों का बाहर निकाला, बस का चालक का पता नहीं चल पा रहा था। संभवत- वह भाग निकला था। एम्बुलेंस की मदद से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल लाया गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर अस्पताल स्टॉफ भी अलर्ट हो गया था। एक के पीछे एक सात एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंची। घायलों को तत्काल उतारा गया और उपचार के लिये इमरजेंसी में लाया गया। जहां से वार्ड में शिफ्ट किया गया। घायलों में महिला, पुरुष और वृद्ध शामिल है, जो गुजरात, उत्तरप्रदेश, उज्जैन, सोयतकलां सुसनेर, देवास, इंदौर के रहने वाले है। एएसपी अभिषेक आनंद का कहना था कि प्रथमदृष्टता घायलों के उपचार पर फोकस किया जा रहा है। डॉक्टरों को बेहतर उपचार के लिये कहा गया है। घायलों की हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज कर जांच की जाएगी।

# साइंस कॉलेज में सात दिवसीय इंटर्नशिप कार्यशाला का आयोजन'



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शा. माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन के रसायन तथा फार्मारसायन विभाग द्वारा सात दिवसीय इंटर्रशिप अवसर के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ 18 / 03 / 2023 को सुबह 10 बजे कान्फ्रेन्स सभागार मे हुआ । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. के. गुप्ता, अतिरिक्त संचालक उज्जैन संभाग डॉ. अर्पण भारद्वाज, महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. कल्पना सिह, तथा फार्मारसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जीवन सिह सोलंकी की उपस्थित रहे। यह 7 दिवसीय इंटरशिप कार्यक्रम आदर्श फायर एवं राज इंटरप्राइजेस के संयुक्त तत्वाधान से महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. के गुप्ता ने कहा की इस प्रकार के इंटर्रशिप कार्यक्रम से छात्रों मे उद्यमिता के प्रति सजगता का भाव जागेगा। तथा वह आने वाले भविष्य में खुद के उद्योग स्थापित करने की स्थिति मे होगे । संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विस्तृत स्तर पर इंटर्रशिप गतिविधियों को बढावा - देना चाहिए, साथ ही विद्यार्थियों को उद्यमिता से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाना चाहिए। इस अवसर पर फार्मारसायन विभाग के सभी सदस्य डॉ. कोमल चेलारमानी, श्रीमती श्रुति शर्मा, श्रीमती नेहा जायसवाल, सुश्री सुरभि शुक्ला, तथा श्री राकेश पोरवाल उपस्थित रहे।

# माधव विज्ञान महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय द्वारा, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार विभिन्न शासकीय ,अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में कॉलेज चलो अभियान का प्रचार प्रसार किया गया द्य संस्थाओं में जाकर शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन की विभिन्न उपलब्धियों के साथ साथ संचालित पाठ्यक्रमों जूलॉजी, बॉटनी, रसायन, गणित, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र,

बायोटेक्नोलॉजी , माइक्रोबायोलॉजी, bioin-formatics, की उपलब्धियों के साथ साथ एनसीसी/ एनएसएस / स्पोर्ट्स एवम युवा उत्सव की उपलब्धियों की जानकारी दी द्य महाविद्यालय में अन्य सभी जानकारी जैसे पुस्तकालय, शोध सुविधा,आदि की जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया द्य इस अवसर कॉलेज के प्राचार्य डॉ वी के गुप्ता ने कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सभी विद्यालयो छात्रो से अपील की है कि यह महाविद्यालय देश का एकमात्र,++ ग्रेड सरकारी महाविद्यालय है तथा इस महाविद्यालय में सरकार की समस्त योजनाओ का लाभ छात्रों को समय सीमा में प्रदान किया जाता है। यहां पर स्मार्ट कक्षाओं की सुविधाएं उपलब्ध है तथा देश के शिक्षाविदो, वैज्ञानिकों, गणितज्ञों के उत्कृष्ट व्याख्यानों को अतिशीघ्र नवीनतम निर्माणधीन स्टूडियो से प्रसारित किया जाएगा।,++,देश का एकमात्र महाविद्यालय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इलेक्टिव एवम वोकेशनल कोर्स को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया।देश के उच्च संस्थानों आईआईटी एवम अन्य संस्थानों से एमओयू,स्मार्ट क्लासेज,ऑनलाइन एवम ऑफलाइन मोड में अध्ययन अध्यापन सुविधा,भारत की श्रेष्ठ कंपनियों के साथ प्लेसमेंट,प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की निशुल्क सुविधा भी है। डा.प्रदीप लाखरे के नेतृत्व में डा दिनेश वर्मा, एवम श्री देवेन्द्र उपाध्याय ने विभिन्न संस्थाओं में जाकर प्रचार प्रसार किया।

# वरिष्ट भाजपा नेता व पूर्व मंत्री श्री पवैया उज्जैन आए



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी व बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया अपने अल्प प्रवास पर उज्जैन आए। श्री पवैया ने यहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया।

श्री पवैया रविवार को इंदौर से उज्जैन पहुंचे यहां उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किए। तत्पश्चात वे प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव की माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने डॉ. यादव के निवास पहुंचे, यहां उन्होंने डॉ. यादव की माताश्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात श्री पवैया महापौर मुकेश टटवाल के निवास पर पहुंचे, यहां महापौर श्री टटवाल के अलावा एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्री रजत मेहता ने श्री पवैया का स्वागत किया। इस दौरान महापौर श्री टटवाल ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी उन्हें दी। बाद में श्री पवैया इंदौर के लिए रवाना हुए। श्री पवैया के साथ एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, पुरान शर्मा, सोनू सरदार, दीपक सैनी, अमरीश श्रीवास्तव (लाला), राघव शर्मा, बुद्धिविलास उपाध्याय, पवन तिवारी, निलेश जैन आदि उपस्थित थे।

# पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने शोक संवेदना प्रकट की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के पशुपालन, डेयरी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने रविवार 19 मार्च को उज्जैन प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के गीता कॉलोनी अब्दालपुरा स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री श्री पटेल ने इस दौरान स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन-अर्चन किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के पशुपालन, डेयरी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने रविवार 19 मार्च को उज्जैन प्रवास के दौरान भगवान महाकालेश्वर मन्दिर पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन और दर्शन किया।

# पूर्व मंत्री श्री पवैया ने शोक संवेदना प्रकट की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने रविवार 19 मार्च को उज्जैन प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के गीता कॉलोनी अब्दालपुरा स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री पवैया ने इस दौरान स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# पिछले चौबीस घंटे में उज्जैन जिले में औसत 2 मिमी वर्षा हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में उज्जैन जिले में औसत 2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसमें उज्जैन तहसील में 2 मिमी, खाचरौद में 7, तराना में 5 और माकड़ोन में 4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

# पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा का प्रथम आमंत्रण गौरी पुत्र गणेश को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**विश्वविख्यात सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) के श्रीमुख से शिवमहापुराण का पुनित आयोजन दिनांक 4 अप्रैल 2023 से दिनांक 10 अप्रैल 2023 तक बड़नगर रोड़, उज्जैन पर किया जाएगा। कथा का प्रथम आमंत्रण गौरी पुत्र गणेश को प्रमुख सेवक एवं महापौर श्री मुकेश टटवाल, संस्था संरक्षक सांसद श्री अनिल फिरोजिया एवं विठ्ठलेश सेवा समिति उज्जैन के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा द्वारा चिंतामन गणेश मंदिर पहुंच कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर दिया गया।

4 अप्रैल से होने वाली पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा की तैयारीयां प्रारंभ हो चुकी है। रविवार को प्रमुख सेवक एवं महापौर श्री मुकेश टटवाल, संस्था संरक्षक सांसद श्री अनिल फिरोजिया, श्री दिलीप गुरु पुजारी महाकाल मंदिर, विठ्ठलेश सेवा समिति उज्जैन के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा, सचिव श्री मनोज बगाया, श्री समीर शुक्ला सीहोर वाले द्वारा चिंतामन गणेश मंदिर पहुंच कर विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए शिव महापुराण कथा का प्रथम आमंत्रण गौरी पुत्र गणेश को दिया गया तथा आयोजन निर्वघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना की। तत्पश्चात् महाकाल मंदिर पहुंच कर पुजन अर्चन करते हुए बाबा महाकाल को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रार्थना की गई।

प्रमुख सेवक महापौर श्री मुकेश टटवाल ने उज्जैन शहर के सभी नागरिकों से निवेदन किया है कि उज्जैन शहर में हो रहे इस वृहद् आयोजन को सफल बनाना है इस हेतु हमारे अपने शहर में पधारे सभी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत अभिनंदन करना है, सभी व्यापारी वर्ग, संस्थाएं कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाएं देकर आयोजन को सफल बनाएं।

# आज सिद्धवट भगवान का चल समारोह( गैर) नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान सिद्धवट !



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्ष परंपरा अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 20 मार्च 023 चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को रात्रि 8:00 बजे से भगवान सिद्धवट की आरती पूजन के पश्चात पालकी में भगवान सिद्धवट के त्रिगुणात्मक स्वरूप के मुखोटे में एवं बग्गी में भगवान सिद्धवट का मुख्य मुखौटा सजाकर भगवान की गैर चल समारोह का शुभारंभ होगा सिद्धवट मंदिर पुजारी एवं चल समारोह गेर संयोजक पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी चल समारोह की समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि चल समारोह गैर सिद्धनाथ से प्रारंभ होकर महेंद्र मार्ग माणक चौक पुराना नाका मेन रोड भैरव गढ़ गणेश मंदिर जेल चौराया बृजपुरा राम मंदिर होती हुई संपूर्ण भैरव गढ़ क्षेत्र में घूम कर पुनः सिद्धवट मंदिर पर पहुंचेगा जहां प्रसाद वितरण के पश्चात चल समारोह का समापन होगा सिद्धवट मंदिर के पुजारी गण सर्वश्री पं. ,सुधीर चतुर्वेदी गोपाल कृष्ण पुजारी ,शिवम पुजारी ,ओम प्रकाश चतुर्वेदी जितेंद्र पुजारी पं. दिनेश पुजारी ,अरविंद चतुर्वेदी, पं. उपेंद्र पुजारी ,राघवेंद्र पुजारी, दिलीप चतुर्वेदी, पंडित बालकृष्ण चतुर्वेदी, कृष्णकांत पुजारी राजेश चतुर्वेदी संजय पुजारी योगेंद्र पुजारी लाल बाबा अनय चतुर्वेदी तीर्थ पुरोहित पं. हेमंत शास्त्री, विमलेश शास्त्री नाहर वाला पंडित नरेश त्रिवेदी आमवाला पंडित दिलीप त्रिवेदी डब्बावाला पं. नीरज नन्नू गुरु, लोकेश पुजारी चुन्नू त्रिवेदी डब्बावाला मनोज शर्मा रमेश शर्मा बरगद वाला. रवि भट्ट मोटर वाला, पंडित द्वारकेश व्यास, पंडित जीवन गुरु दूधवाला, महंत लालू राजेंद्र भारती, चेतन द्वारकेश गुलाट गुरु शास्त्री ,राजेंद्र पंड्या ,सोनू गुरु, सुधीर पंड्या, देवेंद्र पंचोली, स्वप्निल शास्त्री ,क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निकिता परमानंद मालवीय, पूर्व पार्षद संजय कोरट ,राजकुमार मालवीय ,राहुल लौट ,ओम गंगवाल, भरत तवर, अशोक मिश्रा, शैलेंद्र द्विवेदी ,कमल भावसार, नेमीचंद भाटी सिद्ध नाथ मंदिर प्रशासक आर एस भदौरिया, राजस्व अधिकारी महेश देपन ,बलवंत राव जाधव ,बप्पा लोट, मुकेश उमठ, अभिषेक भाटी, दिनेश राठौड़ ,दिनेश जोशी, त्रिलोक चौधरी ,आकाश गहलोत, आदि ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से चल समारोह में शामिल होकर भगवान की पालकी का भव्य स्वागत एवं भगवान की पालकी के पूजन अर्चन करने की अपील की है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )